


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल





■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 126

ग्वालियर, शनिवार, 26 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## सरकार ने देश की खाद्य और बागवानी क्षमता का दोहन करने के लिए कई पहल की हैं: मंत्री तोमर

नई दिल्ली ए)। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित उत्तरी क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण को संबोधित किया। मंत्री तोमर ने कहा कि भारत सरकार ने खेती-किसानी के विकास तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ मौजूदा उद्यमों को एक समृद्ध वातावरण प्रदान करने के लिए देश की खाद्य और बागवानी क्षमता का उपयोग करने हेतु अनेक पहल की हैं।



भारत सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है और इस संबंध में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के एक भाग के रूप में, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए नई लिंक्ड प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इस पर लगभग 11 हजार करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे।

तोमर ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों (पीएमएफएमई) योजना का प्रधानमंत्री औपचारिककरण शुरू किया है। इस योजना में कृषि-खाद्य प्रसंस्करण में लगे सहायक समूहों जैसे कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और उत्पादक सहकारी समितियों पर उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि सीआईआई एक प्रमुख उद्योग संगठन है, जो देश को विकास पथ पर आगे ले जाने में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इन पहलों पर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने सीआईआई से देश में उपलब्ध खाद्यान्न व बागवानी के संसाधनों पर उनके प्रसंस्करण के साथ तुलनात्मक अध्ययन करने का अनुरोध किया, जिससे भारत सरकार गैप्स भरने के लिए एक रणनीति तैयार कर सके। इस अवसर पर मनोज जोशी, अतिरिक्त सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रसंस्कृत खाद्य के फोर्टीफिकेशन और बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं को पूरा करने के क्षेत्र में सरकार और उद्योग द्वारा संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

## ट्विटर से मिले नोटिस पर भड़के वरुण गांधी



नई दिल्ली (ए)। भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता वरुण गांधी ने ट्विटर को खुली चुनौती दी है। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने ट्विटर से उस कानूनी नोटिस को सार्वजनिक करने की चुनौती दी है, जिसमें माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट के अनुसार, वरुण गांधी द्वारा इस प्लेटफॉर्म पर किये जा रहे उल्लंघनों को लेकर उसे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने भेजा है। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने एक ईमेल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए ट्वीट किया कि यह मेल उन्हें ट्विटर से मिला है, जिसमें उनके अकाउंट को लेकर भारतीय कानून प्रवर्तन से मिले अनुरोध के बारे में सूचित किया गया है। पीलीभीत से लोकसभा सदस्य वरुण ने कहा कि उन्होंने किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनके ट्वीट में कुछ भी आपत्तिजनक चीजें नहीं थीं और ट्विटर को इस मेल के लिए स्पष्टीकरण देना चाहिए कि यह किस आधार पर भेजा गया है। उनके व्यवहार से हैरान हूं। उन्होंने यह भी कहा कि ट्विटर भारतीय नागरिकों पर रौब जमा रहा है और उसका एक एजेंडा है। बहुत लंबे समय से ट्विटर ने अपने एजेंडे के लिए ऑनलाइन बुलिइंग कर रहा है। सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने सरकार के भीतर के सूत्रों से जांच की थी कि क्या किसी एजेंसी ने उनके खाते के खिलाफ ऐसा अनुरोध भेजा था और जांच में उन्होंने ऐसा नहीं पाया। बता दें कि ट्विटर और वरुण गांधी के बीच टकराव ऐसे वक्त में आया है, जब पहले से ही नए आईटी नियमों को लेकर ट्विटर सरकार से सख्ती का सामना कर रहा है। भारत सरकार ने हाल ही में ट्विटर से सुरक्षा छीन ली है। किसान आंदोलन के दौरान टूलकिट विवाद के बाद से ही

## दिल्ली में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने पर रॉबर्ट वाड्रा की कार का कटा चालान

नई दिल्ली (ए)। राजधानी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा की कार का चालान काटे जाने का मामला सामने आया है। यह चालान खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाने के लिए काटा गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार, उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ दक्षिण पूर्व दिल्ली के सुखदेव विहार इलाके में स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे तभी खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने के लिए उनके वाहन का चालान कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 (खतरनाक तरीके से वाहन चलाना) के तहत बुधवार की सुबह रॉबर्ट वाड्रा पर जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि वाड्रा के सुरक्षा कर्मी उनके पीछे एक अन्य वाहन में थे। पुलिस के अनुसार, चालान किए गए वाहन को रॉबर्ट वाड्रा का ड्राइवर चला रहा था, जब वह सुखदेव विहार स्थित अपने

## एक मुलाकात से न दिल की दूरी दूर होगी, न दिल्ली की दूरी कम होगी: उमर अब्दुल्ला



नई दिल्ली ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक में सभी नेताओं से कहा कि वह दिल्ली की दूरी और दिल की दूरी को खत्म करना चाहते हैं। बाद में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एक मुलाकात से न दिल की दूरी दूर होगी, न दिल्ली की दूरी कम होगी। लेकिन अगर मुलाकात का सिलसिला बना रहे तो वजीर-ए-आजम ने जो वादा किया है, उसमें शायद वो कुछ हद तक सफलता प्राप्त करेंगे।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमने पीएम से कहा कि 5 अगस्त 2019 को जो हुआ, हम उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, लेकिन हम कानून अपने हाथों में नहीं लेंगे, हम कोर्ट में यह लड़ाई लड़ेंगे, हमने पीएम से कहा है कि केंद्र और राज्य के बीच विश्वास हिल गया है, केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा लोगों को पसंद नहीं है। अब्दुल्ला ने कहा विश्वास खत्म हो गया है और उसे तुरंत बहाल करने की जरूरत है और उसके लिए केंद्र को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली की दिशा में काम करना चाहिए। मैंने प्रधानमंत्री से कहा कि राज्य के दर्जे का मतलब है कि जम्मू-कश्मीर के आईएएस और आईपीएस कैडर को भी वापस करना। पूर्ण राज्य होना चाहिए।

## भारत के पास डिजिटल गेमिंग के लिए पर्याप्त विषय और क्षमता है: पीएम मोदी



नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से टॉय-केथॉन-2021 के प्रतिभागियों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और संजय धोत्रे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। पीएम ने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में देश के युवा हैकथॉन के विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से देश की प्रमुख चुनौतियों से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे देश की क्षमताओं को संगठित करने और उन्हें माध्यम प्रदान करने की सोच है। प्रधानमंत्री ने खिलौनों को बच्चों का पहला दोस्त होने के महत्व के अतिरिक्त खिलौना तथा गेमिंग के आर्थिक पहलुओं पर बल दिया और इसे 'ट्वायकोनॉमी' की संज्ञा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व का खिलौना बाजार लगभग 100 बिलियन डॉलर का है और इस बाजार में भारत की हिस्सेदारी केवल 1.5 प्रतिशत है। भारत 80 प्रतिशत अपने खिलौनों का आयात करता है। इसका अर्थ यह हुआ कि करोड़ों रुपए देश से बाहर बहाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इसे बदलना होगा। मोदी ने खिलौना क्षेत्र में संख्या से अधिक समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए प्रगति और विकास लाने की क्षमता है। खिलौना क्षेत्र का अपना लघु उद्योग है। कारीगर गांव, दलित, गरीब और जनजातीय आबादी से आते हैं। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को इंगित किया। इन वर्गों तक लाभों को ले जाने के लिए हमें लोकल (स्थानीय) खिलौनों के लिए वोकल होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर भारतीय खिलौनों को स्पर्धी बनाने के लिए नवाचार और वित्त पोषण के नए मॉडल का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नए विचार इनक्यूबेट करने, नए स्टार्ट-अप प्रोत्साहित करने, परंपरागत खिलौना बनाने वालों तक नई टेक्नोलॉजी को ले जाने और नई बाजार मांग बनाने की आवश्यकता है।

## महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के बाद पंजाब में भी मिला डेल्टा प्लस वैरिएंट का मरीज, सरकार की चिंता बढ़ी





नई दिल्ली (ए)। देश में कोरोना की दूसरी लहर का असर भले ही कुछ कम हुआ हो, लेकिन ये पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। तीसरी लहर की आहट भी लगातार सुनाई दे रही है। इस बीच कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट ने चिंता को बढ़ा दिया है। वैरिएंट के कई केस सामने आ रहे हैं, जिसके बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत देश के अन्य हिस्सों में हालात फिर बिगड़ने लगे हैं। पंजाब में कोरोना की दूसरी लहर कम हो रही है, लेकिन इस बीच एक चिंता की बात सामने आई है। पंजाब में भी कोरोना का डेल्टा प्लस वैरिएंट का मामला सामने आया है। पंजाब में डेल्टा प्लस का एक केस सामने आया है। कई अन्य सैंपल भी जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिए गए है। मध्यप्रदेश में कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट के कारण एक मौत हो गई है। जबकि अबतक कुल सात केस सामने आए हैं। उज्जैन में महिला की मौत डेल्टा प्लस के कारण हुई है। प्रदेश के मेडिकल एजुकेशन मंत्री विश्वास सारंग के मुताबिक, राज्य में अभी इस वैरिएंट से एक मौत दर्ज की गई है। जितने अन्य केस आए हैं, उनपर सरकार की नजर हैं। मध्य प्रदेश में डेल्टा प्लस के बढ़ते कहर के बीच राज्य सरकार ने तय किया है कि जल्द ही भोपाल में जीनोम सीक्वेंसिंग की मशीन लगेगी। दरअसल, अभी तक मध्य प्रदेश में जीनोम सिक्वेंसिंग की व्यवस्था नहीं है, लिहाज़ा जांच के लिए सैंपल दिल्ली या पुणे भेजे जा रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग के मुताबिक, मध्य प्रदेश से जितने भी सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए बाहर गए हैं, उनकी रिपोर्ट आने में 20 दिन से ज्यादा का समय लग रहा है। समय ज्यादा लगने से संक्रमित व्यक्ति के बारे में जानकारी देर से मिल रही है और कांटेक्ट ट्रेसिंग में भी फिर समय लगता है। इससे संकमण फैलने का खतरा रहता है। मध्यप्रदेश से अभी तक जितने सैंपल एनसीडीसी भेजे गए हैं, उनमें से कई की रिपोर्ट अब तक आना बाकी है,इसकारण सरकार ने तय किया है कि मध्यप्रदेश के अलग-अलग शहरों से सैंपल की जांच के लिए भोपाल में जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन लगेगी।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत कारवार नौसेना अड्डे पर विकास कार्यों की समीक्षा की



नई दिल्ली (ए)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 24 जून को कर्नाटक के कारवार नौसेना अड्डे का दौरा कर प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत जारी ढांचागत निर्माण के विकास की प्रगति की समीक्षा की। नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह के साथ राजनाथ सिंह ने आईएनएस कदंब हेली पैड पर पहुंचने से पहले परियोजना क्षेत्र और सबंधित स्थलों का हवाई सर्वेक्षण किया। दौरे में शामिल अतिथियों का स्वागत पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल आर हरि कुमार और कर्नाटक नेवल एरिया के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रीयर एडमिरल महेश सिंह ने किया। रक्षामंत्री ने नौसेनिक अड्डे पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और शिपलिफ्ट टॉवर में क्षमता प्रदर्शन सहित प्रोजेक्ट स्थल से जुड़ी ब्रीफिंग प्राप्त की। उन्होंने नौसेना हार्बर का दौरा भी किया और परियोजना सीबर्ड फेज II ए के हिस्से के रूप में विकसित किए जा रहे समुद्री कार्यों/ बुनियादी ढांचे की समीक्षा की और साथ ही पियर्स के परिचालन की भी समीक्षा की। राजनाथ सिंह ने नवनिर्मित सैलर्स मैरिड एकोमोडेशन का दौरा किया जिसमें जल दक्षता, घरेलू कचरे की हैंडलिंग, ऊर्जा दक्षता के

## खास खबर

### जम्मू कश्मीर की पार्टियां पहले राज्य का दर्जा चाहती, जबकि सरकार चुनाव चाहती: चिदंबरम

नई दिल्ली (ए)। पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने मोदी सरकार पर निशाना साधकर कहा जम्मू कश्मीर की पार्टियां पहले राज्य का दर्जा चाहती हैं, जबकि सरकार पहले चुनाव चाहती है। चिदंबरम ने कहा, कांग्रेस और अन्य जम्मू कश्मीर के दल और नेता पहले राज्य का दर्जा चाहते हैं और चुनाव बाद में, जबकि सरकार चुनाव पहले कराना चाहती है और राज्य का दर्जा बाद में देना चाहती है।÷उन्होंने कहा, घोड़ा ही गाड़ी को खींचता है। एक राज्य को पहले चुनाव कराना चाहिए। राज्य चुनाव आयोग के तहत ही होने वाले चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे। सरकार गाड़ी आगे और घोड़ा पीछे क्यों चाहती है? यह विचित्र है। बता दें कि 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर सर्वदलीय बैठक साढ़े तीन घंटे तक चली। इसमें दिग्गज राजनेता और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला सहित 14 नेताओं ने भाग लिया। अधिकांश नेताओं ने घाटी में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली पर जोर दिया।

### ऑक्सीजन को लेकर भाजपा ने केजरीवाल पर बोला हमला

नई दिल्ली (ए)। कोरोना महामारी की दूसरी लहर से मचे घमासान के बीच दिल्ली सरकार ने जरूरत से 4 गुना ज्यादा ऑक्सीजन की मांग की थी। जिसकी वजह से 12 राज्यों को नुकसान हुआ। इस मामले में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री ने एक रिपोर्ट साझा करते हुए कहा ऑक्सीजन की मांग जितनी थी, उससे 4 गुना ज्यादा की आपूर्ति और बाकि प्रदेशों को उसका नुकसान उठाना पड़ा, उनको कमी पड़ी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि सच आखिरकार सामने आ ही गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पैनल का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने कोरोना के पीक में ऑक्सीजन की जरूरत से 4 गुना ज्यादा मांग की। जिसकी वजह से 12 राज्यों को नुकसान हुआ। तो दोस्तों केजरीवाल जीभर के झूठ बोल रहे थे। वास्तव में वह झूटाकेजरीवाल हैं।

### मुंबई में 4 मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरा

मुंबई (ए)। दक्षिण मुंबई के फोर्ट एरिया में एक 4 मंजिला इमारत के तीसरे फ्लोर की छत गिर गई। शुक्रवार सुबह ही हुई इस घटना में अब तक 40 लोगों को बचाया जा चुका है। किसी के भी घटना के घायल होने की खबर नहीं है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की ओर से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पुलिस का कहना है कि इस इमारत के तीसरे फ्लोर में रिपेयरिंग का काम चल रहा था, जिस दौरान यह हादसा हुआ है। फायर ऑफिसर ने कहा कि फिलहाल इमारत से मलबा हटाया जा रहा है।

### दिल्ली पुलिस ने बनाया रॉबर्ट वाड्रा की कार का चालान

नई दिल्ली (ए)। उद्योगपति रॉबर्ट वाद्रा सुरक्षा कर्मियों के साथ दक्षिण पूर्व दिल्ली के सुखदेव विहार स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे तभी खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने के लिए उनके वाहन का चालान कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 (खतरनाक तरीके से वाहन चलाना) के तहत जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि वाद्रा के सुरक्षा कर्मी उनके पीछे एक अन्य वाहन में थे। पुलिस के अनुसार, चालान किए गए वाहन को वाद्रा का ड्राइवर चला रहा था जब वह सुखदेव विहार स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटना बारापुला फ्लाईओवर के पास हुई जब वाहन के चालक ने ब्रेक लगाया और इस दौरान पीछे से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वाद्रा के सुरक्षा कर्मी मौजूद थे।

### होटल पर रुकी बस से टकराकर पलटा तेज रफ्तार ट्रक, हादसे में सड़क पर खड़े 4 बारातियों की मौत 10 घायल

मुजफ्फरपुर (ए)। बिहार के मुजफ्फरपुर के नडियार गांव में हुए भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। यह घटना मीनापुर के पानापुर ओपी के नडियार गांव के पास एनएच-28 पर हुई है। सभी घायलों को एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मृतकों की डेड बॉडी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। हादसे का शिकार हुए लोगों की समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई थी। सड़क हादसे में बस और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्?त हो गए। एएसपी (वेस्ट) सैयद इमरान मसूद ने बताया कि बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हुई, इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। बस बारात की है। बताया जाता है कि गायघाट से मोतीपुर क्षेत्र में बस से बारात आई थी।

## भाजपा ने कहा, केजरीवाल ने झूठी मांग दिखा किया लोगों की जान से खिलवाड़, सिसोदिया बोले फर्जी है कहानी

नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि दिल्ली सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की मांग चार गुना बढ़ाकर बताई। इसके कारण 12 अन्य राज्यों में ऑक्सीजन की कमी हुई और इसके कारण अनेक लोगों की जान गई। कमेटी की इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर ऑक्सीजन के गंभीर मुद्दे पर आपराधिक लापरवाही करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने केजरीवाल पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस तरह की किसी रिपोर्ट के आने पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। सिसोदिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी की ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं आई है। यह फर्जी कहानी भाजपा के मुख्यालय पर रची गई है।

### भाजपा ने कहा



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दिल्ली सरकार ने अपने यहां ऑक्सीजन की झूठी मांग बताई। 289 मिट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत होने पर 1140 मिट्रिक टन ऑक्सीजन की मांग बताई गई। इससे दिल्ली को ज्यादा ऑक्सीजन दी गई और इसके कारण देश के अन्य 12 राज्यों में ऑक्सीजन की कमी पैदा हुई।

दिल्ली भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया है कि ऑक्सीजन की कमी बताकर एक साजिश रची गई। इसके कारण दिल्ली में भ्रम और डर का माहौल पैदा हुआ तो दूसरे राज्यों में ऑक्सीजन की कमी के कारण लोगों की मौतें हुईं। इन मौतों के जिम्मेदार अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने कहा कि इस आपराधिक साजिश के लिए अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलना चाहिए और उन्हें इसकी सजा मिलनी चाहिए। वहीं, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने ऐसी किसी रिपोर्ट के होने पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा उन्हें वह रिपोर्ट दिखाए जिसे सुप्रीम कोर्ट के पैनल के सदस्यों ने अपना हस्ताक्षर करके पेश किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ऐसी कोई रिपोर्ट अभी तक पेश नहीं की गई है। यह फर्जी रिपोर्ट भाजपा के मुख्यालय पर साजिश रचने के लिए तैयार की गई है और इसका उद्देश्य अरविंद केजरीवाल सरकार को बदनाम करना है। दरअसल, दिल्ली में जब अप्रैल-मई में कोरोना अपने चरम पर था, यहां ऑक्सीजन की कमी होने लगी।

# जनपद अध्यक्ष पारम सिंह ने टीकाकरण कराकर दिया संदेश, कराएें वैक्सीन



### ग्राम रातिकिरार स्थित शास.एकीकृत शाला में लगवाया कोरोना का टीका

शिवपुरी-कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए जनप्रतिनिधि भी आगे है यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र और जनपद पंचायत शिवपुरी के अधिकांश ग्रामीणजनों के लिए कोरोना टीकाकरण हेतु प्रेरित करने के लिए स्वयं जनपद अध्यक्ष पारम सिंह रावत ने ग्रामीण अंचल में संचालित शास.एकीकृत शाला परिसर ग्राम रातिकिरार में अपना कोरोना का टीकाकरण करने के बाद ग्रामीणजनों से भी वैक्सीनेशन कराने का आग्रह किया। इस दौरान पारम सिंह रावत का एकीकृत शाला ग्राम रातिकिरार के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह व स्टाफ के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट व माल्यार्पण कर पारम सिंह रावत का स्वाग तकिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इस बैक्शीनेशन कैम्प में सहयोग करने वालों में गौरव शर्मा प्राधीक्रत अधिकारी, ब्रज किशोर उपाध्याय, प्राधीक्रत कर्मचारी देवेन्द्र शर्मा, एसआरएलएम् श्रीमति मंजू मेडम, एनएम इसरारउद्दीन, एसआरएलएम श्रीमति अनीता शर्मा, कल्यान सिंह पंचायत सचिव, श्रीमती शोनल राजपूत एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहा जिन्होंने पूरे समय में गत दिवस आयोजित कोरोना वैक्सीनेशन में अपना योगदान दिया और ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया साथ ही घर-घर दस्तक देकर ग्राम रातिकिरार के अधिकांश ग्रामीणजनों को यह कोरोना का वैक्सीन दिलाकर उनकी कोरोना संक्रमण से रोकथाम व बचाव किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थितजनों व ग्रामीणजनों का कोरोना टीकाकरण कराने पर आभार व्यक्त किया गया।

# जेसीआई शिवपुरी किरण ने यूएनएसडीजी के तहत बांकड़े मंदिर पर की जनसेवा




शिवपुरी-समाजसेवी संस्था जेसीआई शिवपुरी किरण के द्वारा संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु गत दिवस शहर के प्रसिद्ध प्राचीन स्थल श्रीबांकड़े हनुमान मंदिर पर पहुंचकर जनसेवा और समाजसेवा का कार्य किया गया। इस दौरान जेसीआई शिवपुरी किरण संस्था के अध्यक्ष यशवन्त गुप्ता व सचिव सुश्री सौम्या गुप्ता ने बताया कि संस्था जेसीआई किरण के द्वारा यूएनएसडीजी प्रोग्राम के तहत शहर के प्रसिद्ध श्रीबांकड़े हनुमान मंदिर पर जनसेवा व समाजसेवा करते हुए पूरी सब्जी का वितरण किया गया। जिसमें सबसे पहले पूरी सब्जी का भोग लगाया गया और उसी को प्रसाद के रूप में सभी उपस्थित जनता एवं गरीब लोगों को खाने का वितरण किया गया। इस दौरान प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर संजय त्रिवेदी और रिचा त्रिवेदी का बहुत सहयोग रहा। इसमें डायरेक्टर रविंद्र नामदेव एवं सदस्य में राहुल शाक्य एवं महिला सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के यूएनएसडीएसजी कार्यक्रम में संस्था के द्वारा उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह सेवा कार्य किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने यहां मौजूद कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## नव पदस्थ डीएफओ से मिला मप्र वन कर्मचारी, सपाक्स, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मण्डल



शिवपुरी-मप्र वन कर्मचारियों के लिए सतत कार्यरत संगठन मप्र वन कर्मचारी संघ व सपाक्स कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल के द्वारा वन विभाग में नव पदस्थ डीएफ्ओ श्रीमती मीना कुमारी से उनके कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की और कर्मचारियों की संबंधित समस्याओं और मप्र वन कर्मचारी संघ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जानकारी भी दी गई। इस दौरान मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ एवं सपाक्स कर्मचारी संघ एवं स्वास्थ्य कर्मचारी संघ शिवपुरी के पदाधिकारियों द्वारा श्रीमती मीना कुमारी मिश्रा वन मंडल अधिकारी शिवपुरी का पद प्रभार संभालने पर कर्मचारी संगठनों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में नरेंद्र गौतमए रुक्मणी भगतए पुरुषोत्तम शर्माए सुनील सेनए राजकुमार शर्माए संदीप लिटोरियाए बाबूलाल नरवरियाए केके शर्माए अनुग्रह वशिष्टए कौशल गौतमए निगम मनोज कुमार भार्गव उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधि मण्डल से चर्चा उपरांत सभी के प्रति सहयोग और समन्वय बनाए रखने की बात इस दौरान नव पदस्थ डीएफ्ओ श्रीमती मीना कुमारी ने कही और विश्वास दिलाया कि कर्मचारियों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा साथ ही कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और कर्मचारियों के लिए यथा संभव विभाग द्वारा जो भी कार्य होंगें वह त्वरित किए जाऐंगें। इस पर समस्त कर्मचारी संघ द्वारा डीएफ्ओ श्रीमती मीना कुमारी के इस आश्वासन के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया।

## विश्व में कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है, आप अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बनाएं : जीतू राठखेड़ा

### आदर्श विद्यालय में दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित




शिवपुरी/पोहरी। विश्व में कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं हैए हर व्यक्ति विशेष है। हर व्यक्ति में कोई कोई विशेष योग्यता होती है यह बात विशेष अतिथि के रूप में आदर्श विद्यालय में आयोजित दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा के पुत्र युवा भाजपा नेता जीतू राठखेड़ा ने कही। उन्होंने कहा किसी भी दिव्यांग को जिंदगी में केवल इस कारण से निराश नहीं होना चाहिए कि वो किसी अंग विशेष से लाचार है। संसार में ऐसी अनेक महान हस्तियों के उदाहरण भी मौजूद हैं जिनके बचपन में उन्हें शारीरिक अथवा मानसिक रूप से अशक्त होने के ताने सुनाए गए परंतु अपने उच्च मनोबल आशावादी नजरिए की बदौलत उन्होंने कामयाबी का परचम पूरे विश्व में लहराया और आज भी लहरा रहे है। इसलिए आप हमारी कमजोरी नहींए बल्कि ताकत हो। आपके हित में मप्र की भाजपा सरकार लगातार कार्य कर ही है। जीतू ने कहा कि हम सभी लोग इस समय महामारी के दौर से गुजर रहे है। सरकार के सहयोग सेए अधिकारियों के सहयोग से और आप सभी की मदद से काफी हद तक इस महामारी पर कंट्रोल हुआ है। यह न जाने कितने नए.नए रूप बदल रही है। आपसे निवेदन है आप अपनों की सुरक्षा रखें तो दूसरों की सुरक्षा अपने आप होगी। जीतू राठखेड़ा द्वारा कार्यक्रम में मौजूद दिव्यांगों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस मौके पर एसडीएम पोहरी जेपी गुप्ताए जिला शिक्षा अधिकारी दीपक पांडे, बीआरसी अचल कुशवाह, मोतीलाल खंगार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र सैनानी सच्चे राष्ट्र भक्त : भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम

### इंदिरा गांधी ने छीनी 25 जून को नागरिक एवं प्रेस की स्वतंत्रता



शिवपुरी-आपातकाल काला दिवस 25 जून के तहत कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया जिसमें प्रत्यक्ष रूप से जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं जिले के 23 मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सभी मोर्चो के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी को आपातकाल की विभीषिका एवं लोकतंत्र सेनानियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार संबंधी वर्चुअल बैठक को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजू बाथम के द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में और आजाद भारत में सबसे विवादास्पद दिन 25 जून 1975 थाए जिस दिन लोकतंत्र की हत्या की गई थी। और यह आपातकाल 25 जून 1975 से लेकर 21 मार्च 1977 तक जारी रहा इस अवधि में समानता और स्वतंत्रता के अधिकार नागरिकों से छीन लिए। उनके चुनाव को अवैध घोषित कराने के लिए राज नारायण ने न्यायालय की शरण ली थी न्यायालय ने निर्णय दिया था कि इंदिरा गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त उन्हें वेतन भी नहीं मिलेगा, आगामी चुनाव भी नहीं लड़ सकती इसी खीज के कारण और अपनी कुर्सी को बचाने के लिए अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली से हस्ताक्षर करा कर देश में आपातकाल लागू किया, आधी रात में ही राष्ट्र भक्तों को जैसी हालत में घरों में मिले गिरफ्तार कर लिया गया, घर वालों को कोई कारण नहीं बताया बगैर आरोपों के ही निरुद्ध कर दिया जेलों में कैदी बना दिया और लोकतंत्र की हत्या कर दी।

### इन लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

नगर में निवासरत लोकतंत्र सेनानी हरिहर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा गुरु, विमलेश गोयल, महेश गौतम, गोपाल सिंघल, घनश्याम भसीन, कामता प्रसाद पूर्व विधायक के निवास पर जाकर शॉल श्रीफल से उनका अभिनंदन किया गया। इस इस आपातकाल काला दिवस कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, हरवीर रघुवंशी, विजय शर्मा, शिवपुरी नगर मंडल अध्यक्ष विपुल जैमनी, पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष के पी परमार, अशोक खंडेलवाल, तेजमल सांखला, चंदन सिंह गुर्जर, हेमंत ओझा, दिलीप मुद्गल, श्रीमती मंजुला जैन, सोनू विरथरे, अमित भार्गव, मुकेश चौहान, ओमी जैन, हरिओम राठौर, महेश आदिवासी, सतीश भार्गव, गिर्राज शर्मा, मनोज शर्मा, राजीव जैन और भाजपा कार्यकर्ता प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे एवं सभी मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ पदाधिकारी वर्चुअल उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नपा के अमले ने की नापजोख तो स्थानीय रहवासियों ने लगाई गुहार

शिवपुरी-एक तो वर्षो से रह रहे ठकुरपुरा रह रहे लोगों के लिए एकाएक नपा टीम जब नापजोख करने पहुंची तो यहां रह रहे लोग सकते में आए गए और कहा कि साहब! हम ठकुरपुरा में पिछले 20 सालों से रह रहे हैं। हमने नल व बिजली कनेक्शन भी करा लिए हैं लेकिन बीते रोज कुछ अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे यहां वह नापतौल कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तुम्हारे मकान अतिक्रमण में है तोड़े जाएंगे और यहां हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी बनेगी। मामले को लेकर यहां के निवासी कलेक्टर के पास गए और मकान न तोड़े जाने की बात कही। जानकारी देते हए वार्ड क्रमांक 39 के रहवासियों मनोज शाक्य, अरूण जाटव, नारायण शाक्य, महेश जाटव ने बताया कि वह अत्यंत गरीब है और मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करते हैं और वहां 15 से 20 वर्ष से रह रहे हैं और हमारे मकान में नल व बिजली कनेक्शन भी हैं। कुछ दिन से हमारे मकानों के पास कुछ अध्किारी व कर्मचारी आकर जमीन की नापतौल कर रहे थे। जब हमने कारण पूछा तो कहा कि तुम्हारे मकान अतिक्रमण में है तोड़े जाएंगे, क्योंकि यहां हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी बनेगी। रहवासियों ने बताया कि हमारे मकान को तोड़ दिया तो हम कहां रहने जाएंगे और हमारे पास इतने रुपए भी नहीं है कि दूसरे जगह इंतजाम कर लें। रहवासियों ने बताया कि सरकार का आदेश भी है कि अतिक्रमण कर रह लोगों को स्थाई किया जाएगा और उन्हें पट्टा भी दिया जाएगा ऐसे में हमारे साथ ऐसा अन्याय करना कहां से उचित है। ऐसे में नपा टीम के द्वारा की गई नापतौल से यहां के रहवासी अब सकते में आ गए है और इसे लेकर नगर पालिका से अपने बसे-बसाए घर को बचाए जाने की गुहार लगाई है।

### विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र, लाईफटाईम एचीव्हमेंट पुरूस्कारों के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2021

शिवपुरी-खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष दिये जाने वाले शिखर खेल अलंकरण पुरूस्कारों के लिये आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2021 रखी गई है। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया की वर्ष 2021 के एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, लाईफटाईम एचीव्हमेंट एवं स्व. प्रभाष जोशी खेल पुरूस्कार के लिये दिनांक 25 जून से 31 जुलाई 2021 तक विभागीय वेबसाईड पर ऑन लाईन आवेदन किये जा सकेगें। पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि व अन्य शर्ते विभागीय वेबसाईड पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने के उपरांत आवेदक को आवेदन पत्र की प्रति के साथ आवश्यक अभिलेख व खेल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न कर 31 जुलाई 2021 तक अपना आवेदन श्रीमंत माधवराव सिंधिया, खेल परिसर शिवपुरी जमा कराना अनिवार्य हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पुरस्कारों हेतु मान्य नहीं किया जावेंगा। ऑफ लाईन आवेदन 31 जुलाई 2021 तक प्रस्तुत कर सकते आवेदन पत्र विभागीय से भी डाउन लोड किया जा सकता है।

### वर्चुअल जॉब फेयर 28 जून को

शिवपुरी-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 28 जून को वर्चुअल जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इसमें 3 कंपनियों द्वारा सुरक्षा गार्ड, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर एवं हेल्पर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्चुअल जॉब फेयर में तीन कंपनी गुरुकृपा कंसल्टेंसी, ऑल इन वन कंसलटेंसी एवं प्रक्षेप द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों को रोजगार दिया जाएगा। इस जॉब फेयर के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 10 वी, 12वी, ग्रेजुएट एवं उम्र 18 से 35 वर्ष होना चाहिए।

# धारा 144 लागू होने के बाबजूद भी आशा, ऊषा और आशा सहयोगिनी कार्यकर्ताओं ने किया प्रर्दशन

### प्रदर्शन के दौरान एक आशा कार्यकर्ता की हालत बिगड़ी, पुलिस द्वारा अस्पताल में कराया भर्ती




शिवपुरी-एक ओर जहां कोरोना कर्फ्यू के तहत ढील देने के बाबजूद भी जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा जिले भर में धारा 144 लागू है बाबजूद इसके यहां अपनी मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में आशा, ऊषा व आशा सहयोगिनी कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर एक ओर जहां कलेक्टर के नियम निर्देशों की अव्हेलना की तो वहीं कोरोना गाईड लाईन का उल्लंघन भी इस प्रदर्शन के दौरान हुआ जिसमें सभी आशा, ऊषा व आशा सहयोगिनी कार्यकर्ताओं के द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। यहां इस प्रदर्शन के दौरान एक आशा कार्यकर्ता की हालत बिगड़ गई और उसे आनन फानन में मौके पर मौजूद पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाबजूद इसक यह प्रदर्शन लगातार जारी रहा।

### प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने दी धमकी

कलेक्ट्रेट के सामने आशा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की, लेकिन प्रशासन सुनता रहा, किसी की ओर से कोई बाहर नहीं निकला एक आशा कार्यकर्ता अटैक आ गया जिसमें सभी आशा कार्यकर्ताओं का कहना है अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो अपनी जान को समाप्त कर देंगे। यहां आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रशासन शासन बेखबर है मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा था लेकिन हमारी बहिनों के लिए कोई स्टेटमेंट कलेक्टर के द्वारा नही दिया गया जिससे आशा कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव है। कलेक्ट्रेट पर आशा कार्यकर्ताओं की मांग है कि हमारी मांगे पूरी हो, हम कोरोना पेशेंट को टीका लगा रही है, डिलीवरी का भी का काम कर रही है हमारे लिए तनखा सिर्फ रूपये 500 एक डिलीवरी पर दिया जाता है। ऐसे में इस प्रदर्शन में धमकी भरा लहजा भी यहां आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा देखने को मिला बाबजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा कोई भी आश्वासन इन्हें नहीं दिया गया।

### इनका कहना है

आशा कार्यकर्ताओं की मांगों को लेकर कार्यवाही शासन स्तर से होना है हमें जो आदेश है हम उसके अनुरूप ही कार्य कर रहे है आगे जो भी होगा किया जाएगा।

**अक्षय कुमार सिंह**
**जिला कलेक्टर, शिवपुरी**

# जिस रानी दुर्गावती का गुणगान अकबर का इतिहास लेखक करे उसकी महानता में क्या संदेह : डॉ. खरे

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित हुई संघ मातृशक्ति इकाई की ई.संगोष्ठी



शिवपुरी। मुगल सम्राट अकबर के सेनापति आसफ खान से वीरतापूर्वक युद्ध लड़ते हुए जान गवाने वाली गोडवाना राजवंश की रानी महारानी दुर्गावती के साहस, शौर्य, पराक्रम, युद्ध कौशल और धैर्य का लोहा अकबर भी मानता था। अकबर के इतिहास लेखक अबुल फ्जल की किताब अकबर नामा झूठ का पुलंदा है। राज सत्ता से लाभ पाने के लालच में उसने चाटुकारिता की पराकाष्ठा लांघी है लेकिन इसके बाद भी अकबर नामा में अबुल फजल ने स्वीकार किया है कि रानी के युद्ध कौशल का कोई मुकाबला नहीं था। उसके साहस की कोई सीमा नहीं थी वह अपरिमित धैर्य की स्वमिनी थी। वह बहुत दानवीर थी और उसका शासन बहुत शानदार था। उक्त उदगार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की मातृशक्ति द्वारा आयोजित रानी दुर्गावती शौर्य एवं नारी अस्मिता की कालजयी हस्ताक्षर विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय करैरा के पूर्व प्राचार्य डॉ.लखन लाल खरे ने व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता केशव कॉलेज की संचालिका डॉ.श्रीमती सुषमा पांडेय ने की। संगोष्ठी में ज्योति वालामंडलेकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और रानी दुर्गावती को समरस्ता का प्रतीक बताया। डॉ.खरे ने बताया कि रानी दुर्गावती ने अपनी प्रजा के कल्याण हेतु बहुत से जन कल्याणकारी कार्य किए। बाबड़ी और तालाबों का निर्माण किया। आसफअली से रानी दुर्गावती ने जीवन की अंतिम सांस तक युद्ध किया। रानी दुर्गावती और उनके बेटे वीर नारायण ने मुगल सेना का सामना किया और उन्हें हराया। लेकिन जब वीर नारायण बुरी तरह से घायल हो गया तो रानी ने उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया तथा स्वयं युद्ध संभाला। रानी को दाईं कनपटी पर तीर लगा और उन्हें एहसास हुआ कि जीतना असंभव है तो दुश्मन उनके शरीर को छु ना पाए इसलिए रानी ने खुद ही अपनी कटार अपने सीने में उतार ली। अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुषमा पांडेय ने रानी दुर्गावती को नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण बताया। आभार प्रदर्शन श्रीमति अनीता सिंह ने किया।

# कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का मिल रहा सकारात्मक सहयोगः सीएमएचओ डॉ. एडी शर्मा




मुरैना। प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मुरैना जिले के 18 वर्ष से अधिक आयु वाले जिले के 14 लाख 80 हजार 180 लोगों में से 3 लाख 46 हजार 151 लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका अब तक किया जा चुका है, जो 19.56 प्रतिशत है।

इस महाअभियान में कोविड वैक्सीनेशन 71 हजार 399 लोगों का मात्र 3 दिन में किया गया है। इसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया का वैक्सीनेशन लगवाने में सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। यह बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एडी शर्मा ने पत्रकार वर्ता में संबोधित करते हुये शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में कही। इस अवसर पर डीपीएम श्री श्रीवास्तव सहित मुरैना जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार के निर्देशन में महाअभियान 21 जून से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें मुरैना जिले में 21 जून को 189 सेंटरों पर 25 हजार का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें सभी के सहयोग से 27 हजार 981 लोगों को वैक्सीनेशन का कार्य किया गया। जिसमें 111.92 प्रतिशत की उपलब्धि रही है। 23 जून को 180 कोविड वैक्सीन सेंटरों पर 20 हजार 600 का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 22 हजार 68 लोगों का टीकाकरण कर 107.13 प्रतिशत उपलब्धि रही। इसी प्रकार 24 जून को 186 वैक्सीनेशन सेंटर पर 20 हजार का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 21 हजार 350 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है। इसमें 106.75 प्रतिशत की उपलब्धि रही।

# दिव्यांगजनों ने रोपे अमरूद, जामुन और आंवला के पेड़



अम्बाह; आचार्य आनंद क्लब और क्रीड़ा भारती इकाई अंबाह द्वारा आज दिव्यांग जनों के साथ वृक्षारोपण किया गया। दिव्यांग संगठन के अध्यक्ष बच्चूसिंह तोमर के नेतृत्व में हुए वृक्षारोपण में अमरूद जामुन और आंवला के वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर दिव्यांग विपिन सिंह तोमर ने कहा कि वृक्ष हर वर्ग के लिए आवश्यक है, हमे इनके महत्व को समझना चाहिये आचार्य आनंद क्लब और कीड़ा भारती दिव्यांग जनों को भी समाज की मुख्यधारा से जो? रखने के लिए समय-समय पर सामाजिक आयोजनों में हमे सम्मान पूर्वक शामिल करते रहते हैं उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि इससे दिव्यांग जनों का उत्साह और ब?ता है इस अवसर पर आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य क्रीड़ा भारती के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई, रोटरी क्लब अध्यक्ष अंकित मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे आयोजन के दौरान सभी दिव्यांग जनों का सम्मान भी डॉक्टर सुधीर आचार्य द्वारा किया गया

# समाज कल्याण के साथ-साथ राष्ट्र उत्थान में भी



अम्बाह। मंदिर श्री श्यामसुंदर सरकार पोरसा चौराहे पर आज मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के निर्देश पर संगठन की अंबाह इकाई द्वारा वैश्य समाज के वरिष्ठ समाजसेवीओं का सम्मान किया गया यह सम्मान सम्मानित व्यक्तियों व्दारा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जाने के चलते किया गया इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रवक्ता अंबाह नगर पालिका चुनाव प्रभारी बच्चू लाल गुप्ता ने संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जीवन पर प्रकाश डाला जिसके बाद कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती किशोरी गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्य समाज को संगठित होने की जरूरत है समाज को संगठित करने का कार्य राज्य सरकार के पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा वैश्य महासम्मेलन के जरिए किया जा रहा है श्रीमती गुप्ता ने कहा कि हम सभी लोग मिलकर समाज उत्थान के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं इसके साथ ही इस कोरोना काल में जितना संभव हो अपने लोगों की मदद करें इसके बाद अंबाह नगर के समाजसेवियों का सम्मान किया गया जिनका सम्मान किया गया उनमे बच्चू लाल गुप्ता जिला प्रवक्ता भाजपा,उमेश जैन पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष,विजय गुप्ता संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अंबाह,समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री श्री मती किशोरी गुप्ता, दिनेश बंसल, छोटू अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल का सम्मान किया गया।

# रिटायर्ड सैनिकों की बैठक संपन्न, मनाया जाएगा कारगिल दिवस



अम्बाह। नगर के अमर शहीद कैप्टन वीर नारायण सिंह तोमर पार्क में रिटायर्ड सैनिकों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी रिटायर्ड सैनिक अपने आसपास के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करेंगे, जिसकी शुरुआत गुरुव्दारा मोहल्ले से की जाएगी। रिटायर्ड सैनिकों ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम निवास शर्मा एवं विधायक कमलेश जाटव द्वारा शहीद पार्क के जीर्णोद्धार कार्य करने का जो वचन दिया गया था वहां उन्होंने आज तक पूरा नहीं किया है, जिसके चलते पार्क का जीर्णोद्धार रिटायर्ड सैनिकों द्वारा अपने निजी पैसों से कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अमर शहीदों के नाम पर बने पार्कों का ध्यान रखना चाहिए जिससे लोग इनसे देशभक्ति की प्रेरणा ले सकें बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई को कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर को हरा-भरा करने का संकल्प लिया, पर्यावरण प्रेमियो को मुफ्त पौधे देगे



अम्बाह--पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन शहर में पर्यावरण प्रेमियों को निशुल्क पौधे देंगे यह बात उन्होंने आज नेहरू पार्क में आयोजित पौधरोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान कही उन्होंने कहा कि वह लोगों के घर के आगे व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण करवाएंगे इसके लिये उन्होंने शहर को हरा-भरा करने का संकल्प लिया है जिसके तहत वह एक सार्थक पहल करने जा रहे हैं जो शहर के भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है उन्होंने कहा कि वे लोगों के घर के आगे व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण करवाएंगे। इसके लिए वह मुफ्त पौधे भी उपलब्ध करवायेगे श्री जैन के अनुसार आगामी कुछ दिनों में पौधरोपण अभियान शुरू हो जाएगा इसके लिए वह स्वयं के खर्च से ड्रिल करवाकर पौधा लगवाएंगे और जिनको जरूरत है उनको निःशुल्क भेंट करेंगे श्री जैन के अनुसार वह लोगो से अपेक्षा रखेगे कि जहां पौधा लगेगा,वह लगवाने या लगाने वाला व्यक्ति पौधे के सार-संभाल की जिम्मेदारी भी ले उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वे सैक?ो की संख्या में पौधे देंगे। जिससे आने वाले समय में अम्बाह शहर में हरियाली हो सके। वे आमजन को नीम, जामुन, शहतूत, अमरुद, पापड़ी, कदंब, रुद्राक्ष आदि के पौधे देंगे। जिनेश जैन का कहना है कि पेड़-पौधे ऑक्सीजन ही नहीं देते बल्कि कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं। पेड़ के नीचे बैठकर तनाव कम होता है।नगर का वातावरण स्वच्छ हो।

# शनिश्चरी अमावस्या पर तैयारियों को लेकर बैठक आज



मुरैना। 10 जुलाई को शनिश्चरी अमावस्या पर तहसील मुरैना के ग्राम ऐंती स्थित भगवान श्री शनिदेव मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुये श्री शनिदेव मंदिर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर बी. कार्तिकेयन की अध्यक्षता में बैठक आज 26 जून को प्रातः 11 बजे रखी गई है। बैठक श्री शनि मंदिर ग्राम ऐंती के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी स्वयं उपस्थित हों अपने किसी प्रतिनिधि को न भेजें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, अपर जिला दण्डाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त कलेक्टर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक, पीएमजेएसबाई के महाप्रबंधक, तहसील्दार सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

# कोविड वैक्सीनेशन को अधिकारी पंचवर्षीय योजना न बनायें : कलेक्टर

## कार्य में कोताई बरतने पर 3 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, कटेगा वेतन



मुरैना। कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने कोविड में जु? जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये है कि कोविड वैक्सीनेशन के प्राप्त लक्ष्य को प्रतिदिन उपलब्धी मानकर पूर्ण करें, प्रतिदिन मिलने वाला वैक्सीनेशन दूसरे दिन के लिये बचना नहीं चाहिये। कोविड वैक्सीनेशन को अधिकारी पंचवर्षीय योजना मानकर न चलें। उसमें तीव्रता से गति लायें। पूरे जिले में वैक्सीनेशन का कार्य निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अधिकारी अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। अन्यथा उनके खिलाफ शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी। बैठक में उन्होंने तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस और वेतन काटने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री नरोत्तम भार्गव, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव कुमार जैन, श्री एलके पाण्डेय, एसडीएम, समस्त जिलाधिकारी तथा गूगल मीट से अनुभाग स्तर के एसडीएम तथा ब्लॉक स्तर के अधिकारी जु? हुये थे।

कलेक्टर ने कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान की समीक्षा में कैलारस ब्लॉक के ऑक्सीजन प्लांट की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पीआईयू के एई श्री राहुल सिंह बैठक से अनुपस्थित रहे और न ही गूगल मीट से जु? हुये थे। इस पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कोविड वैक्सीनेशन के प्राप्त लक्ष्य को उसी दिन शतप्रतिशत पूर्ण करने की समीक्षा में पाया कि पोरसा नोडल ऑफिसर द्वारा द्वितीय डोज की जानकारी गूगल मीट पर नहीं दे सकीं। इस पर पोरसा की नोडल डॉ. अल्पना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बीएमओ सबलग? द्वारा वैक्सीन के संबंध में सही जानकारी न देने उनको कारण बताओ नोटिस एवं आंक? सही न बताने पर एक वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव स्वास्थ्य सेवाओं को भेजने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि हमारा मुख्य टारगेट 18 वर्ष से अधिक आयु वाले शतप्रतिशत लोगों में वैक्सीनेशन हो जाये। जितने डोज प्रतिदिन मिल रहें है, उतने लोंगो को वैक्सीन लग जानी चाहिये। डोज बचना नहीं चाहिये। वैक्सीन ही जिंदगी का सबाल है, ऐसा न हो कि वैक्सीन से वंचित रहे। कलेक्टर ने प्रत्येक ब्लॉक बार एसडीएम बीएमओ, जनपद सीईओ एवं सीएमओ से समीक्षा की। उन्होंने जनपद सीईओ को सीएमओ को निर्देश दिये कि जिले में सबसे पहले पंचायत या नगरीय क्षेत्र का वार्ड संपूर्ण वैक्सीनेशन करायेगा, उस अधिकारी को कुशल अधिकारी माना जायेगा।

## वन-टू-वन

### मोटरसाइकिल चोरी तलाशने के बाद जब नहीं मिली तो 6 दिन बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

अम्बाह। मनीष पुत्र जय श्री राम सखवार निवासी बजरंग कालोनी अम्बाह ने आज थाने में रिपोर्ट लिखवाई है कि 19 जून की शाम 7 बजे मैं अपनी मोटरसाइकिल पर नगर के बाईपास रोड पर आया हुआ था उसी दौरान मैं मोटरसाइकिल को एक दुकान के सामने खड़ा करके दुकान के अंदर मोटरसाइकिल को सही कराने के संबंध में दुकानदार से बातचीत करने लगा बातचीत करने के बाद जब मैं वापस आया तो मेरी मोटरसाइकिल जहां मैंने रखी थी वहां नहीं थी आसपास देखने पर भी मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चला जिसके बाद में लगातार छह दिन तक अपनी मोटरसाइकिल को तलाशने के लिए इधर-उधर घूमता रहा अब जब मोटरसाइकिल का मुझे कहीं पता नहीं चला तो आज थाना आकर के रिपोर्ट लिखाई है पुलिस ने उक्त मामले में मोटरसाइकिल चोरी का प्रकरण दर्ज कर मोटरसाइकिल की तलाश प्रारंभ कर दी है।

### 19 क्वार्टर अवैध शराब के एक व्यक्ति पकड़ा गया

अम्बाह। दोहरी रोड़ महावीर पुरा से पुलिस ने बीती रात एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पक?ा है जानकारी के मुताबिक थाना पुलिस को सूचना मिली थी दोहरी रोड महावीर पुरा पर एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए खड़ा था पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा तो घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया पुलिस ने जब उससे नाम पूछा तो उसने अपना नाम राजेश पुत्र नारायण सिंह निवासी महावीर पुरा बताया।

### मीसा बंदियों का भाजपा ने किया सम्मान

जौरा। मीसा बंदियों का सम्मान समारोह भाजपा नेताओं द्वारा शुक्रवार को झंडा चौक पर आयोजित किया गया। यहां पर मीसा बंदी एडवोकेट शांतिलाल अग्रवाल एवं विजय सिंह यादव को माला पहनाकर शॉल श्रीफल एवं मोतियों की माला भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश मित्तल ने मीसा बंदियों द्वारा दिए गए योगदान के बारे में बताया, साथ ही उपस्थित मीसाबंदियों ने भी अपने अनुभव सांझा किए। आयोजन के दौरान कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मित्तल के अलावा राधा मोहन शर्मा, सगुन चंद जैन, सुनील सर्राफ, अनिल गुप्ता, कैलाश सोनी, डॉ जगदीश शर्मा, मुकेश यादव, इंतजार पठान, अजय सिंघल, मुकेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वैक्सीन लगवाने के बाद भूरी और पुष्पा ने कहा कि "जान है तो जहान है"



मुरैना। आजाद नगर निवासी श्रीमती भूरी बाई और पुष्पा ने कोरोना टीकाकरण महाअभियान के दौरान वैक्सीन का पहला टीका लगवाकर बहुत खुश है। श्री भूरीबाई ने बताया कि ''जान है तो जहान है,'' जान नहीं तो कुछ नहीं। उन्होंने बताया कि कोरोना से बचाव के लिये वैक्सीन लगवाना बहुत जरूरी था, यह वैक्सीन हमारे लिये सुरक्षा कबच है। श्रीमती पुष्पा ने बताया कि कोरोना का टीका लग जाने से अब हम अपने आप कोरोना से सुरक्षित हो गये है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि अब देश और प्रदेश में पर्याप्त वैक्सीन आ जाने से कोरोना का भय दूर हो गया है। श्रीमती पुष्पा ने कहा कि सबसे बड़ी खुशी यह है कि सरकार वैक्सीन निःशुल्क लगवा रही है। हमें कहीं कोई पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ी। श्रीमती भूरी बाई और श्रीमती पुष्पा ने अन्य लोगों को भी शीघ्र वैक्सीन लगवाने का आहवान किया।

श्रीमती भूरीबाई ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने उन्हें सूचना दी कि महाअभियान के तहत कोविड टीकाकरण कार्य चल रहा है। इसमें कोविड से बचने के लिये कोरोना का टीका अवश्य लगवायें। आंगनवाडी कार्यकर्ता की बात सुनकर हम दोनों महिलायें गुरूवार को वीआईपी रोड वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचे। श्रीमती भूरी बाई और श्रीमती पुष्पा ने खुशी-खुशी वैक्सीन का टीका लगवाने के बाद कहा कि शासन द्वारा यह कोविड टीका निःशुल्क लगाया गया है। यहां टीका लगवाने के बाद सभी को आधा घंटा बैठने की सुविधा भी दी। स्टाफ नर्स द्वारा हमको समझाईश दी गई कि को-वीशील्ड वैक्सीन का दूसरा टीका 84 दिन बाद लगाया जायेगा, जब हमें टीका लगाया गया तो स्टाफ नर्स ने बांये हाथ को सेनेटाइज किया। इंजेक्शन लगाने के बाद रूई के फोआ को दबाये रखने के लिये कहा। हम दोंनो आधा घंटे के लिये सेंटर पर आराम से बैठें, उसके बाद घर पर चले आये।

# अंतराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकी सरकार

जम्मू कश्मीर में धारा 370 एवं 35 ए हटाने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय जगत में कश्मीर चर्चाओं में है। 370 प्रावधान खत्म करने के बाद कश्मीर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार ने विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर दिया था। कश्मीर घाटी के लोगों को कई महीने तक नजरबंद कर दिया गया था। घाटी में अर्ध्दसैनिक बलों एवं सुरक्षा बलों के लगभग 40 हजार जवानों के कई महीने से तैनात होने के बाद भी स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। इन्टरनेट सेवाए बंद करने की भी अन्तर्राष्ट्रीय जगत में काफी चर्चाएं हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव अधिकारों के हनन का मामला भी सुर्खियों में बना हुआ है। धारा 370 एवं 35 ए की समाप्ति को असंवैधानिक मानते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिकायें दायर की गई। जेल में बंद और नजरबंद नेताओं ने कोर्ट में गुहार लगाई, किन्तु सुनबाई में कई महीनों के विलंब होने से अन्तर्राष्ट्रीय जगत में यह धारणा बनी कि जम्मू - कश्मीर में मानव अधिकारों का हनन हो रहा है। सरकार ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रावधानों को ताक पर रख दिया है। पाकिस्तान ने भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धारा 370 एवं कश्मीर घाटी में मानव अधिकारों के हनन का मामला कई बार उठाया। इससे यह मामला सारी दुनिया के लिए चिंता का सबब बना हुआ था। धारा 370 एवं किसान आंदोलन को लेकर जो प्रदर्शन हो रहे थे, उनको नजर अंदाज कर सरकार ने राष्ट्रद्रोह के अपराध के मुकदमें आंदोलनकारियों पर लगाकर जेल में बंद किया इसका भी अंर्तराष्ट्रीय जगत में काफी विरोध हो रहा था। पिछ्ले दो वर्षों में भारत में मानव अधिकारों के हनन एवं सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने का आरोप भी भारत सरकार पर लगता रहा है। अंर्तराष्ट्रीय विशेषज्ञों के अनुसार भारत सरकार ने बढ़ते अंर्तराष्ट्रीय दबाव एवं छ्वि को बेहतर करने के लिए कश्मीर में सभी पक्षों से बातचीत कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल करने के लिए यह बैठक आयोजित की है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार ने बातचीत की प्रक्रिया शुरु करके मधुमक्खी के छ्त्ते पर पत्थर चलाने का काम किया है। कश्मीर घाटी के जो नेता मोदी सरकार की सख्ती के कारण शांत बैठे थे, वह इस बैठक के बाद मुखर होकर राजनैतिक गतिविधियों को बढ़ाने का काम करके सरकार के लिए परेशानी बढ़ान का सबब बनेगें। सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाओं के निपटारे का दबाव बनेगा। पड़ोसी देश पाकिस्तान भी भारत की राजनैतिक अस्थिरता को देखते हुए आतंकवादी हमलों में इजाफा कर सकता है। भारत सरकार धारा 370 के मसले पर गले में हड्डी की तरह फंस गई है। जिसके ना तो उगलते बन रहा है नाही निगलते बन रहा है। सेना के हजारों जवानों की तैनाती के बाद भी आंतकी घटनाओं को रोक पाने में केंद्र सरकार विफल रही है। पिछ्ले दो वर्षों में जहां आतंकी घटनायें बढ़ी है। वहीं सेना के सबसे ज्यादा जवान भी कश्मीर घाटी में शहीद हुए हैं। मोदी सरकार ने एक बार फिर कश्मीरी आवाम का विश्वास हासिल करने का फैसला स्वागत योग्य है। भारत सरकार यदि लचीला रुख अपनायेगी तो घाटी की इस समस्या के समाधान हेतु कई नए विकल्प भी होंगे। घाटी के आवाम का विश्वास जीतने पर पाक अधिकृत कश्मीर का मामला भी निपटाया जा सकता है। मोदी सरकार को अपनी सोच को बड़ा करना होगा।

# शून्य लागत (जीरो बजट खेती)

कृषि में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों,संकर बीजों एवं अधिकाधिक भूजल उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति,उत्पादन भूजल स्तर और मानव स्वास्थ्य में लगातार गिरावट देखी जा रही है कृषि में बढ़ती लागत के कारण किसान की कृषि में रूचि कम होती जा रही है एवं वर्तमान कृषि बाजार पर निर्भर बनाती है इसलिए आवश्यकता है ऐसी

कृषि पद्धति की जिसमें किसान को बाजार पर निर्भर न रहना पड़े उत्पादन में भी गिरावट ना आए मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट ना हो खाद्यान्न विषैला ना हो जिससे मनुष्य निरोगी रहे और यह शून्य लागत अर्थात जीरो बजट खेती से ही संभव है

**शून्य लागत कैसे-**

(1) मुख्य फसल की लागत सह फसल से निकाल लेना और मुख्य फसल को बोनस के रूप में लेना

(2) बीज,खाद,कीटनाशक आदि बाजार से ना लेकर इसका निर्माण घर पर करना

**शून्य लागत खेती का आधार-**

जिस प्रकार बिना किसी मानवीय सहायता के जंगलों में खड़े हरे-भरे पेड़ व उनके साथ रहने वाले लाखों जीव जंतु इस प्राकृतिक व्यवस्था के अनुरूप खेती करना

प्राकृतिक व्यवस्था- पौधों के पोषण के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रकृति मैं विद्यमान है उन्हें भोजन के रूप मे बदलने का कार्य मृदा में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव करते है इस पद्धति में पौधों को भोजन ना देकर भोजन का निर्माण करने वाले सूक्ष्म जीवो की उपलब्धता पर जोर दिया जाता है

पौधों के पोषण की प्रकृति में चक्रीय व्यवस्था है पौधे अपने पोषण के लिए मृदा से सभी पोषक तत्व ग्रहण करते हैं एवं फसल के पकने के बाद कास्ट पदार्थ (कूड़ा करकट)के रूप में मिट्टी में मिलकर अपघटित होकर मृदा को उर्वरा शक्ति के रूप में लौटते हैं

**कृषि में देसी गाय का महत्व-**

एक देसी गाय के गोबर में करोड़ों सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं गाय के गोबर में गुड़ एवं अन्य पदार्थ डालकर किंडवन (Fermentation) की क्रिया के फलस्वरूप जीवामृत /घन जीवामृत से करोड़ों सूक्ष्म जीवाणु भूमि में उपलब्ध तत्वों से पौधों का भोजन निर्माण करते हैं

*कृषि में देसी केचुओ का महत्व-

केंचुआ मिट्टी बालू पत्थर खाता हुआ 15 फीट गहराई तक भूमि के अंदर जाता है नीचे से पोषक तत्वों को ऊपर लाता है तथा अपनी विस्टा को छोड़ता है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्वों का भंडार होता है केंचुआ भूमि मैं दिन-रात करोड़ों छिद्र बनाकर भूमि की जुताई कर भूमि को मुलायम बना देता है इसलिए केंचुआ को प्राकृतिक हलवाहा भी कहा जाता है क्योंकि केंचुआ जिस छिद्र से नीचे जाता है कभी उससे ऊपर नहीं आता इससे मृदा की जल धारण क्षमता में भी वृद्धि होती है

**शून्य लागत प्राकृतिक कृषि के चरण-**

1- वीजामृत (बीज शोधन)- 5 किलो गाय का गोबर, 5 लीटर गोमूत्र, 50 ग्राम चूना, एक मुट्ठी मिट्टी बरगद/ पीपल के पेड़ के नीचे से अथवा मेड की मिट्टी ले इसे 20 लीटर पानी में मिलाकर 24 घंटे रखें दिन में दो बार लकड़ी से घोले इससे 100 किलो बीज उपचार करें छांव में सुखाकर बुवाई करें

2- जीवामृत- जीवामृत सूक्ष्म जीवाणुओं का महासागर है जो पेड़ पौधों के लिए कच्चे पोषक तत्वों को पकाकर पौधों के लिए भोजन तैयार करते हैं गोमूत्र 5 -10 लीटर, गोबर 10 किलो, गुड़ 1-2 किलो, दलहन आटा 1-2 किलो, एक मुट्ठी(100ग्राम) जीवाणु युक्त मिट्टी, पानी 200 लीटर मिलाकर ड्रम को जूट की बोरी से ढककर छाया में रखें सुबह शाम डंडा से घड़ी की सुई की दिशा में घोले 48 घंटे बाद छानकर 7 दिवस के अंदर ही प्रयोग करें

**जीवामृत प्रयोग विधि**

200 लीटर जीवामृत पानी के साथ धीरे-धीरे या टपक विधि से 1 एकड़ क्षेत्र में बहा दें छिड़काव विधि से पहला छिड़काव बुवाई के एक माह बाद 1 एकड़ में 100 लीटर पानी में 5 लीटर जीवामृत मिला कर दें दूसरा छिड़काव 21 दिन बाद 1 एकड़ में 150 लीटर पानी व 10लीटर जीवामृत मिलाकर दें तीसरा व चौथा छिड़काव 21-21 दिन बाद 1 एकड़ में



200 लीटर पानी व 20लीटर जीवामृत मिला कर दें आखिरी छिड़काव दाने में दूध बनने की अवस्था पर प्रति एकड़ में 200 लीटर पानी, 5 -10 लीटर खट्टी छाछ मिलाकर छिड़काव करें

**घन जीवामृत**

घन जीवामृत जीवाणुयुक्त सूखा खाद है जिसे बुवाई के समय या पानी के 3 दिन बाद भी प्रयोग कर सकते हैं गोबर 100 किलो, गुड़ 1 किलो, आटा दलहन 1 किलो, 100 ग्राम ।

जीवाणुयुक्त मिट्टी इसमें लगभग 5 लीटर गोमूत्र मिलाए जिससे हलवा/ पेस्ट जैसा बन जाए इसे छाया में 48 घंटे तक बोरी से ढक कर रखें उसके बाद फैलाकर छाया में ही सुखा लें एवं बारीक करके बोरी में भरें इसका प्रयोग 6 महीने तक कर सकते हैं 1 एकड़ में एक कुंटल तैयार घन जीवामृत प्रयोग करना चाहिए

**आच्छादन/मल्चिंग-**

जब भूमि का कास्ठ पदार्थों, घास फूस या अन्य प्रकार से आच्छादन करते हैं तो सूक्ष्म पर्यावरण का निर्माण होता है और देसी केंचुआ,सूक्ष्म जीवाणुओं को उपयुक्त वातावरण मिलता है एवं मृदा नमी का वाष्पीकरण नहीं हो पाता या कम हो जाता है बाद में यह आच्छादन के प्रयोग में लाई गई सामग्री भूमि में अपघठित होकर मृदा उर्वरा शक्ति को बढ़ाती है इससे सह फसलों द्वारा भी भूमि को सजीव आच्छादन द्वारा ढका जा सकता है।

**बेड व नाली व्यवस्था द्वारा जल की बचत-**

जड़े सीधे पानी ना लेकर मिट्टी कणों के बीच वाफसा (50ऌहवा व 50ऌवाष्प) को लेती हैं ऊंचे तैयार बेड पर फसलों को नालियों द्वारा पौधों की सिंचाई वाफसा के रूप में उपलब्ध कराने से पानी बहुत कम लगता है नालियों को भी आच्छादन से ढक दिया जाता है जिससे वाष्पीकरण ना हो

**बहुफसली पद्धति-फसल चक्र**

मिश्रित फसलों को लेने पर फसलों की जड़े सह अस्तित्व के आधार पर रोगों एवं कीटों से बचाव तथा प्राकृतिक संसाधनों (नत्रजन,प्रकाश, जल,क्षेत्र आदि) का बंटवारा कर लेती हैं एक दलीय के साथ द्विदलीय दलहन के साथ अनाज व तिलहन, गन्ना के साथ प्याज एवं सब्जियां, पेड़ों की छाया में हल्दी,अदरक,अरबी जैसे प्रयोगों से भूमि को नत्रजन स्वत~ प्राप्त हो जाती है।

**ध्यान देने योग्य बातें-**

* इस पद्धति में कीटनियंत्रको की आवश्यकता ही नहीं पड़ती क्योंकि कीट आते ही नहीं है फिर भी आवश्यकता पड़ने पर गोबर,गोमूत्र,

छाछ एवं वनस्पतियों द्वारा तैयार नीमस्त्र,ब्रह्मास्त्र,अग्नियास्त्र,फफूंद नाशक,दशपर्णी अर्क आदि बनाई जाती है

* प्राकृतिक कृषि मे देसी बीज ही प्रयोग करें हाइब्रिड बीजों से अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे

* प्राकृतिक कृषि में भारतीय नस्ल का देशी गोवंश ही प्रयोग करें

*जीवाणु युक्त मिट्टी हेतु बट वृक्ष, पीपल के नीचे या मेड की मिट्टी ले

*पौधों व फसल की पंक्ति की दिशा उत्तर दक्षिण हो दलहन फसलों की

**सह फसलें करनी चाहिए**

*वर्मी कंपोस्ट बनाने में आयसेनिया फीटीडा नामक जंतु प्रयोग होता है केचुआ नहीं यह जंतु कैडमियम, आर्सेनिक,पारा,सीसा आदि विषैले तत्व छोड़ता है जो कि भूमि के लिए हानिकारक है

पौधों का भोजन जड़ के निकट ही बनना चाहिए यदि किसी दूसरे स्थान पर बनाकर खाद (कंपोस्ट) लाकर खेतों में डाला जाएगा तो मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवाणु निष्क्रिय हो जाएंगे

**डॉ. जयदीप सिंह भदौरिया**
**विकासखंड तकनीकी प्रबंधक**
**÷आत्मा÷ विकास खंड कैलारस,**
**मुरैना**

## बदला हुआ आदमी

स्कॉटलैंड के एक राजा को शत्रुओं ने पराजित कर दिया। उसे धन-जन की बड़ी हानि हुई और संगी-साथी भी छूट गए। अब बस उसका जीवन बचा था, पर शत्रु उसकी टोह में थे। प्राण बचाने के लिए वह भागा-भागा फिर रहा था। स्थिति यह थी कि राजा अब मरा कि तब मरा। राजा एक खोह में छिपा अपनी मौत की प्रतीक्षा करते हुए सोच रहा था- शत्रु की तलवार पल भर में मेरा काम तमाम कर देगी। तभी राजा ने देखा- एक मकड़ी खोह के दरवाजे पर जाला बनाने में व्यस्त थी। वह कई बार कोशिश करती, नाकाम रहती, लेकिन फिर से उठकर जाला बनाने लगती। राजा ने सोचा- यह व्यर्थ प्रयत्न कर रही है। बिना आधार के जाला भला कैसे बना पाएगी। किंतु आश्चर्य, मकड़ी का एक झीना-सा सूत्र खोह के मुंह पर अटक ही गया। बस फिर एक के बाद एक सूत्र अटकते चले गए और देखते-देखते जाला तेजी से बुना जाने लगा। थोड़ी देर में पूरी खोह के मुंह पर जाला तैयार था। तभी शत्रु के सिपाही वहां आ पहुंचे। लेकिन खोह के मुंह पर मकड़ी का जाला बना देख वापस लौट गए। करीब आई हुई मौत तो वापस चली गई पर राजा को एक गहरे विचार में छोड़ गई। उसने सोचा- मकड़ी बार-बार गिरकर भी निराश और परास्त नहीं हुई तो मैं इंसान होकर भी क्यों डर रहा हूं? मैं भी अवश्य अपने शत्रुओं को परास्त करूंगा। इस मकड़ी ने मेरा संकल्प मजबूत कर दिया है। यह सोचते ही वह खोह से बाहर निकल गया।

# अब कोरोना को समाप्त करने का वेक्सिन ही एक मात्र उपाय

**अशोक भाटिया**

देश में हर जिले में वैक्सीनेशन का विशाल मेगा शिविर लगे । वैक्सीन लगाने जो स्वास्थ्य विभाग ने लक्ष्य रखा था उससे 21 फीसद ज्यादा लोगों ने वैक्सीन लगवाई। तेजी से वैक्सीनेशन होने के कारण यह कोरोना महामारी को खत्म करने में काम करेगी। सरकार की तरफ से बड़ी आबादी को वैकसीनेट करने का लक्ष्य है।कोरोना महामारी की दूसरी लहर धीरे-धीरे खत्म हो रही है। विज्ञानिक लगातार तीसरी लहर आने की बात कर रहे है। इससे युवाओं के साथ बच्चों पर प्रभाव पड़ने की बात कही जा रही है। लेकिन सरकार ने उस लहर से पहले बड़ी आबादी को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य रखा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ही वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। इस मेगा शिविर में हजारों युवाओं, बुजुर्ग, कर्मचारी व अन्य लोगों को वैक्सीन लगानी थी। देश में कोरोना मरीज भले-चंगे हो रहे हैं उसे देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि हम अब इस संक्रमण की पुनरावृत्ति को रोकें और बिना कोई लापरवाही बरते कोरोना से बचाव के उन नियमों को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनायें जो संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक माने जाते हैं। अब देश भर से 50 हजार के करीब कोरोना के मामले आ रहे हैं और भारत के कुल साढ़े सात सौ के लगभग जिलों में से 78 जिले ही ऐसे हैं जिनमें संक्रमितों की संख्या बहुत मामूली दर से बढ़ रही है। यह उत्साहजनक संकेत है जिसे बरकरार रखने में नागरिकों को संयम से काम लेना चाहिए। मगर इसके साथ-साथ यह भी जरूरी है कि कोरोना मरीजों की लगातार कम होती संख्या के क्रम को बदस्तूर जारी रखने के लिए प्रत्येक वयस्क नागरिक को वैक्सीन जल्द से जल्द लगाई जाये। आज से 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के नागरिकों के लिए भी मुफ्त वैक्सीन लगाने की योजना शुरू हो चुकी है जिसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि भारत के पास वैक्सीन का यथोचित भंडार है कि नहीं। अब वह समय बीत चुका है कि हम वैक्सीन खरीद और लगाने की नीतियों की नुक्ताचीनी में उलझे रहे, अब जरूरी यह है कि प्रत्येक को वैक्सीन लगा कर निश्चिन्तता का वातावरण तैयार किया जाये। चूंकि अब वैक्सीन केन्द्र सरकार ही



खरीदेगी और राज्यों को वितरित करेगी तो प्रादेशिक सरकारों को अपने चिकित्सा तन्त्र को सावधान मुद्रा में लाना होगा। केन्द्र ने वैक्सीन लगवाने के लिए पंजीकरण नीति में भी ढिलाई बरती है और लोगों को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा दी है कि वे सीधे चिकित्सा केन्द्रो पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अतः जिला व पंचायत स्तर पर बहुत सतर्कता बरतने की आवश्यकता होगी। लेकिन यह सब काम इस बात पर निर्भर करेगा कि वैक्सीन पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध हों। फिलहाल भारत में तीन वैक्सीनें उपलब्ध हैं। कोविशील्ड, कोवैक्सीन व स्पूतनिक। इनमें सपहली दो का उत्पादन भारत में ही होता है। इनकी उत्पादन क्षमता में इस प्रकार वृद्धि की जा रही है कि आगामी दिसम्बर मास तक प्रत्येक नागरिक को दो बार टीका लग सके। जो कमी होगी उसे स्पूतनिक का रूस से आयात करके पूरा किया जायेगा। इस बारे मे विशेषज्ञों की सलाह पर काम करना बहुत जरूरी होगा जिससे दो वैक्सीनों के लगाने के बीच के अन्तराल पर किसी प्रकार का विवाद पैदा न हो सके।

मुख्य सवाल नागरिकों की सुरक्षा का है और उनकी सुरक्षा से ही देश सुरक्षित रहेगा अतः इस मामले में किसी प्रकार का भ्रम सीधे राष्ट्रीय हितों से जाकर जुड़ जाता है। यह इसलिए है क्योंकि बिना अर्थव्यवस्था के सुचारू हुए हम आम लोगों के जीवन में खुशियां वापस नहीं ला सकते हैं। वर्तमान में बेरोजगारी की दर 14 प्रतिशत से ऊपर हो चुकी है और मंहगाई की दर में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इससे आम नागरिकों पर दोहरी मार पड़ रही है क्योंकि कोरोना काल के दौरान 97 प्रतिशत लोगों की आय में कमी दर्ज हुई है। यह कमी बताती है कि हमें आर्थिक मोर्चे पर प्रगति करने के लिए जल्द से जल्द प्रत्येक नागरिक के वैक्सीन लगाने पर वरीयता देनी पड़ेगी। भारतीय उद्योग महापरिसंघ (सीआईआई) के चेयरमैन श्री एन.के. नरेन्द्रन् के मतानुसार अर्थ व्यवस्था का उदय इसी बात पर निर्भर करता है कि हम कितनी जल्दी अपने लोगों का टीकाकरण करते हैं। श्री नरेन्द्रन् टाटा स्टील्स के प्रबन्ध निदेशक भी हैं और जानते हैं कि आर्थिक जगत के लिए मानवशक्ति का कितना महत्व होता है।

# बंगाल की घटनायें लोकतंत्र पर आघात, आपातकाल का आभाष है

## सूडोकु नवताल-5753

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5752 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**कैलाश सोनी**

जहां एक ओर कोविड-19 वायरस वैश्विक महामारी के कारण हमारा देश संकट के गंभीर दौर से गुजर रहा है, वहीं दूसरी ओर बंगाल हिंसा के कारण लोकतंत्र पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं, आपातकाल समर्थकों के द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के लिये वैक्सीन के विरूद्ध प्रोपेगैंडा ने इस चिंता को और बढ़ा दिया है, लेकिन संतोष की बात है कि देश इस समय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट है, ऐसे में आपातकाल योद्धाओं का कर्तव्य है कि वे देश विरोधी प्रोपेगैंडा करने वालों को बेनकाब कर इस विषय में जनजागरण करने का संकल्प लें, यह देश और समय की आवश्यकता है।

हम भारतवासी सदैव से ही स्वतंत्रता के प्रेमी और उपासक हैं, इसलिये जब-जब भी हमारी स्वाधीनता को अपहत करने के प्रयत्न हुए, हमने उसका प्रतिकार किया है, अनेकबार विदेशी शक्तियों ने हमें पराधीन बनाने की कोशिश की, किन्तु हमारे पूर्वजों ने उनके विरूद्ध सतत संघर्ष किया और अंततः विजयी हुए।

लोकतंत्र का आधार समाज हित में सभी के रचनात्मक विचारों का सम्मान एवं उनका समावेश है। राजनीति मानव के सभी कार्य व्यापार का विज्ञान है। केवल हम ही श्रेष्ठ हैं, हमें ही व्यवस्था संचालन का अधिकार है। यही हमें तानाशाही की ओर प्रवृत्त करता है। मतभिन्नता ही लोकशाही का मूल आधार है। मतभिन्नता के आधार पर हत्या का उपक्रम आतंकवाद पर ठहरता है। हिंसा का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है, न



इसकी भारतीय संविधान में कोई अनुमति है। स्वतंत्रता की महिमा से मंडित हमारे देश के लोकतांत्रिक इतिहास में हमारी आजादी के हरण का एक काला अध्याय दर्ज है, किन्तु उसके साथ ही दूसरी आजादी की हमारी संघर्ष गाथा भी जुड़ी है। वह हमारे आजादी से जीने के संस्कार का एक ज्वलित उदाहरण है।

परंतु वर्तमान की नई पीढ़ी को लोकतंत्र पर आयी इस अमावस्या की शायद ही कोई जानकारी होगी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में 25 जून 1975 में एक ऐंसा भी अवसर आया, जब एक सत्तासीन व्यक्ति ने जिनका उनके भ्रष्टाचार के कारण चुनाव परिणाम इलाहाबाद हाईकोर्ट से रद्द कर दिया गया, अपनी सत्ता पिपासा को पूरा करने के लिये देशवासियों के सारे लोकतांत्रिक अधिकारों को तथा सारी संवैधानिक मर्यादाओं को समाप्त कर संपूर्ण देश को आपातकाल की बेड़ी में जकड़ दिया। आपातकाल लगाने के लिये आवश्यक सारे संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार करके यह घोषणा की गई थी। प्रावधानों के तहत आधे से अधिक प्रांत जब मांग करें नोट भेंजे कि कानून व्यवस्था संकट में है और केन्द्रीय केबिनेट सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करें, तब आपातकाल लगता है।

कोई अपील नहीं, कोई न्यायिक व्यवस्था नहीं, न्यायालयों के सारे अधिकार समाप्त कर दिये गये और लाखों निरापराध लोगों की धड़ाधड़ गिरफतारी हुई तथा लोकनायक जयप्रकाश नारायण सहित सभी विरोधी दलें के नेता जिसमें अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जार्ज फर्नांडीस कांग्रेस के कुछ नेता 250 से अधिक पत्रकार जेलों में डाल दिये गये। निरापराध नागरिकों के साथ हिंसा का ऐंसा तांडव देश ने पहले कभी नहीं देखा था। न्यायपालिका समाप्त कर दी गई, सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों को सुपर सीड करके अपने चुनाव को वैध करा लिया गया, संपूर्ण देश में हाहाकार, जेल के भीतर भी अकेले मध्यप्रदेश में 100 से अधिक लोकतंत्र सेनानियों की असमय मृत्यु हुई। 1,10,806 राजनैतिक और सामाजिक नागरिकों को मीसा/डीआईआर ने बिना मुकदमा चलाये जेलों में निरूद्ध किया गया, द.प्र.सं. की धारा 151 की संख्या कई लाखों में जिसकी गणना नहीं विश्वास रखने वाले सभी के लिये आवश्यक है, नई पीढ़ी को भी इसे जानने की जरूरत है जिसकी प्रेरणा से भविष्य में लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखा जा सके। देश हित में यह बहुत आवश्यक है, ताकि अभिव्यक्ति की आजादी फिर कभी बाधित न हो पाये। लोकतंत्र पर आघात की कोई हिम्मत न कर सके।

## *कविता*



मेरा बेटा जब मेरे गर्भ में आया था
उस खुशी को मैंने सब को बताया था
उस एहसास को बयां नहीं कर सकी थी
बस वही मेरी आंखों के सामने छाया था
कुछ ही दिन निकले कि सब सलाह देने लगे
ऐसे रहो ऐसा खाओ कि जो बच्चे को अच्छा लगे
मैंने भी सब की बातों को ध्यान में रखा
और वही किया जो सब ने कहा
दिन बीतते गए समय निकलता गया
वह समय आ गया जब वह दुनिया में आ गया
एक झलक उसकी देखकर मन फूलों ना समाया
एक पल देरी न करते हुए उसको सीने से मैंने लगाया
जब उसके नन्हे नन्हे हाथों ने मुझे स्पर्श किया
ऐसा लगा कि जैसे सारा जहां मिल गया
और जब मैंने उसको सीने से लगाया
ऐसा लगा कि सारी खुशियों को पा लिया
अब मैं अपने बच्चे को लेकर घर आ गई
वह दिन में सोता और रात में जगता
और मुझे भी पूरी रात सोने नहीं देता
अब मैं भी उसकी तरह बन गई
दिन में सोती ओर रात में जगती
मेरा बेटा जब मेरे गर्भ में आया था
उस खुशी को मैंने सब को बताया था!

**ज्योति मित्तल**
**जीवन टॉकीज रोड जोशी**
**मोहल्ला श्योपुर**

वन-टू-वन



## मेहगांव विधानसभा के सेवादल जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर शर्मा उर्फ कल्लू ने बिजली विभाग वालों को खुला चेतावनी

बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता, पुष्पांजली टुडे

**मेहगांव** / कांग्रेस सेवा दल के जिला पंचायत सदस्य बृज किशोर शर्मा उर्फ कल्लू ने कहा विधानसभा क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती को बंद किया गया तो 3 दिन  मैं बिजली विभाग द्वारा बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो कांग्रेस सेवा दल करेगा आंदोलन आपका जनसेवक ब्रजकिशोर शर्मा कल्लू जिला पंचायत सदस्य भिंड बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आम जनता काफी परेशान हो रही है ऐसा कांग्रेस सेवादल कभी होने नहीं देगा मै कांग्रेस सेवा दल जिला पंचायत सदस्य होने के नाते मेरा यह कर्तव्य कि मैं अपने क्षेत्र की जनता की हर समस्या को निराकरण दिलवा सकूं इसके लिए अगर बिजली विभाग के कर्मचारी अगर सुधर ते नहीं है तो कांग्रेस सेवादल 3 दिन के बाद कांग्रेस सेवा दल आंदोलन करेगा कांग्रेस सेवा दल के जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर शर्मा उर्फ कल्लू

# महिला समिति ने गोहद सीएमओ का पुतला फूंका सभा कर रैली निकाली ज्ञापन सौंपा

महेंद्र शर्मा संवाददाता, पुष्पांजली टुडे





**गोहद।** गोहद में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं ने वार्ड नंबर 1 में एकत्रित होकर सभा की गंज बाजार से होकर एसडीएम कार्यालय तक जुलूस निकाला तथा समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने गोहद सीएमओ का पुतला दहन किया इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को जनवादी महिला समिति के प्रदेश सचिव प्रीति सिंह जनवादी महिला समिति गोहद की नेत्री पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर ने संबोधित किया उन्होंने साफ सफाई बिजली पानी संकट पर अपने विचार व्यक्त किए तथा मिल महिला विरोधी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महिला आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया अंत में एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार शिल्पा सिंह ने प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका सीएमओ को मौके पर बुलाया जिसे महिला समिति ने ज्ञापन देकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की महिला समिति ने अपने ज्ञापन में खाद्यान पात्रता पर्ची पेयजल बिजली पानी साफ-सफाई कर्मकार कार्ड महिला कामगार पंजीयन आवास के अलावा हाट बाजार बाजार का ठेका निरस्त करने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने की मांग की एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जिसमें कोरोना कर्फ्यू के दौरान सभी टैक्स माफ करने आदिवासियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने प्रत्येक व्यक्ति को ?7500 प्रतिमाह देने बिजली बिल माफ करने नगरपालिका दुकानों का किराया माफ किए जाने इत्यादि की मांग महिला समिति द्वारा अपने ज्ञापन में की गई इस अवसर पर सरोज श्रीवास रीना गीता प्रजापति कैलाशीराम श्रीसुनीताप्रेमा राठौरमंजू माहौररजनी कुरकु ज्योति कोर कोमाया राठौरपार्वतीबाई  सबीना बानो त्रिवेणी प्रजापतिमुन्नीबाई बाथम भारतीअनीता गोस्वामी आदि उपस्थित रहे ।

## सतीश दुबे ने संभाला मुख्य नगरपालिका अधिकारी का चार्ज

मोहन मांझी



**गोहद।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के आदेश क्रमांक एफ 1-108/2021/18-1 भोपाल दिनांक 24 जून 2021 राज्य शासन द्वारा रामप्रकाश जगनेरिया उप निरीक्षक प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी गोहद को मूल पद राजस्व उप निरीक्षक पद पर पदस्थ करते हुए सतीश कुमार दुबे मुख्य नगरपालिका अधिकारी भितरवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी गोहद मैं अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। सतीश कुमार दुबे ने आज नगर पालिका परिषद गोहद में पहुंचकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है।



## जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु नॉमिनेशन

## एटा सांसद ने जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी की घोषणा

सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

**एटा।** एटा के सांसद राजवीर सिंह राजू भईया ने भाजपा प्रत्याशी की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर वार्ड संख्या 19 से जिला पंचायत सदस्य विनीता यादव को बीजेपी ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा प्रत्यासी विनीता यादव राजेश यादव की रेवाड़ी की पत्नी हैं। बता दें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव समाजवादी पार्टी की धर्मपत्नी प्रत्याशी रेखा यादव के साथ कड़ा मुकाबला होगा। जनपद में संख्या बल के अनुसार समाजवादी पार्टी का पलड़ा भारी है। कुल 30 सदस्यों में से समाजवादी पार्टी के 19, बीजेपी के 2 और 8 निर्दलीय और 1 बसपा का सदस्य है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु 26  जून को होने वाले नॉमिनेशन हेतु नॉमिनेशन कक्ष कलेक्ट्रेट के बाहर तथा संपर्क रोड पर मजबूत बैरीकेटिंग करने हेतु व्यवस्था देखते हुए एडीएम प्रशासन  अपर पुलिस अधीक्षक तथा सीओ सिटी जिला पंचायत अध्यक्ष के नॉमिनेशन के दौरान मजबूत पुलिस प्रशासन व्यवस्था रहेगी किसी भी गलत हरकत अथवा किसी भी झूठी अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर कोई गलत मैसेज वायरल करने वालों के विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# ब्रिटेन की करोड़पति महिला ने डॉल्फिन से रचाई थी शादी, पति की मौत के बाद जी रही विधवा का जीवन

**लंदन (ए)।** आज के समय में प्यार में धोखा आम बात हो गई है। आए दिन धोखे की घटनाएं-सुनने देखने को मिलती हैं। दिल टूटने की इन कहानियों और घटनाओं की वजह से कई लोग अब ऐसे रिश्तों को प्रेफरेंस देते हैं, जहां धोखे की गुंजाइश नहीं होती। इन दिनों ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां लोग खुद से ही शादी कर लेते हैं। जबकि, कुछ लोग डॉल्स से भी शादी कर लेते हैं।



ब्रिटेन की शेरोन ने इंसान की जगह डॉल्फिन से प्यार करना पसंद किया और उसी से शादी भी कर ली। अब अब अपने डॉल्फिन पति की मौत के बाद वह एक विधवा का जीवन जी रही हैं। 26 साल की शेरोन ने जब सबसे पहले अपने पति सिंडी को देखा तभी उसे अहसास हो गया था कि वह उससे प्यार करती है और उसी के साथ जिंदगी बिताना चाहती है। लेकिन मुश्किल यह थी कि सिंडी ब्रिटेन में नहीं, इजरायल में रहती थी। सिंडी से मिलने के लिए लंबी यात्राएं करके शेरोन कई बार इजरायल गई। इसके बाद 16 साल तक लॉन्ग डिस्टेंस में रहने के बाद आखिरकार कुछ चुने हुए लोगों के सामने शेरोन ने सिंडी से शादी कर ली। अपनी शादी शेरोन ने बाकायदा वेडिंग गाउन पहना था। साथ ही शादी के बाद शेरोन ने आई लव यू कहकर अपने प्यार की मुहर किस के तौर पर सिंडी को दी थी। उस दौर में एक डॉल्फिन से युवती की शादी की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। शादी के दिन शेरोन काफी खूबसूरत दिख रही थीं। डॉल्फिन सिंडी भी शादी से खुश लग रहा था। दोनों ने दुनिया के सामने अपने प्यार का इजहार किया। इस शादी के बाद शेरोन ने कहा था कि डॉल्फिन से शादी करना उनकी सनक नहीं थी। वह उससे प्यार करती हैं और जरुरी नहीं कि प्यार मर्द से ही हो। प्यार तो किसी से भी हो सकता है। उसे सिंडी से हुआ और वह उसके साथ काफी खुश है। सिंडी की मौत सन 2006 में हो गई थी। सिंडी को पेट में कुछ समस्या हो गई थी। इसके बाद 2006 में उसकी मौत हो गई। अपने पति की मौत की खबर के बाद सिंडी अंदर से टूट गई थी।  उसे काफी समय लगा इस सदमे से बाहर निकलने के लिए। उनके घर वालों ने उन्हें दूसरी शादी करने के लिए भी कहा, लेकिन शेरोन का कहना है कि वो एक डॉल्फिन की बीवी है और वो हमेशा सिंडी की रहेंगी। इस शादी से शेरोन की काफी चर्चा हुई थी। करोड़पति होने के बाद भी शेरोन ने दूसरी शादी नहीं की।

शेरोन और सिंडी की शादी अकेला मामला नहीं है। दुनिया में ऐसी कई अजीबोगरीब शादियां हो चुकी है। 2019 में एक महिला ने अपने गद्दे से शादी की थी। उसने कहा कि इस गद्दे ने उसका हर स्थिति में साथ दिया है। इसलिए वह हमेशा के लिए उससे बंधना चाहती थी।

## पर्यटन की संभावनाओं को देखने म.प्र.टूरिज्म का दल भिण्ड आया



नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड(ब्यूरो)।** म.प्र. टूरिज्म बोर्ड भोपाल से एसके श्रीवास्तव दल के साथ भिण्ड जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखने हेतु भिण्ड आए। उक्त दल ने कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस से मुलाकात कर जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखने के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, पुरातत्व विभाग के उप संचालक पाण्डेय, डीएसपी मुख्यालय मोतीलाल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड भोपाल से एसके श्रीवास्तव दल के द्वारा डीएसपी मुख्यालय श्री मोतीलाल कुशवाह के साथ पुलिस विभाग द्वारा बनाए जा रहे संग्रहालय का अवलोकन किया तथा भिण्ड से अटेर क्षेत्र के बीहडों का एवं चंबल नदी, अटेर किले का भ्रमण कर देखा एवं पुरातत्व उप संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



## हबीबगंज स्टेशन का सर्वसुविधा-युक्त नया भवन बनकर तैयार

**भोपाल।** शहर के हबीबगंज रेलवे स्टेशन का सर्वसुविधा-युक्त नया भवन बनकर तैयार है। आधुनिक तकनीकी से बने इस भवन में एयरपोर्ट की तरह ट्रेवलेटर, एस्केलेटर व लिफ्ट लग चुकी है। टिकट काउंटर भी बनकर तैयार हैं। इस भवन के अंदर का फोटो सामने आया है। इसमें आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले, एलईडी लाइटें लगी हैं। जंबो पंखे का ट्रायल हो चुका। यह भवन प्लेटफार्म-एक की तरफ जीआरपी थाने के बाजू से बना है। इसे मुख्य यात्री सुविधा भवन के नाम से जाना जाता है। प्लेटफार्म-एक की तरफ से आने वाले यात्री इसी भवन से होकर स्टेशन के अंदर प्रवेश करेंगे। कोरोना संक्रमण के मामले भले ही कम हो गए हों, लेकिन रेलवे ने अपनी तैयारी जारी रखी है। भोपाल समेत सभी प्रमुख स्टेशनों पर पीओएस मशीनें बढ़ा दी गई हैं। यात्रियों से नकद लेन-देन के बदले डिजिटल भुगतान कराया जा रहा है। इसके लिए यात्रियों को प्रेरित करने का काम शुरू कर दिया है। स्टेशन प्रबंधक, वाणिज्य इंस्पेक्टरों को इस आशय के निर्देश दिए गए हैं। अनाउंसमेंट कर यात्रियों से भी डिजिटल भुगतान के लिए कहा जाने लगा है। भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विजय प्रकाश ने बताया कि कोरोना से बचाने के लिए रेलवे के प्रयास जारी हैं। भोपाल के अलावा संत हिरदाराम नगर, हबीबगंज, बीना, इटारसी, विदिशा, हरदा, गुना जैसे प्रमुख स्टेशनों पर मशीनों के पाइंट बढ़ा दिए हैं। टिकट काउंटर पर तैनात रेलकर्मियों को बोला गया है कि वे यात्रियों से नकद भुगतान की जगह डिजिटल भुगतान के लिए कहें। यदि किसी यात्री के पास कार्ड न हो, तो उसे परेशान न नहीं ?किया जाए।

# भोपाल स्टेशन पर बढी भीड, यात्री भूले कोरोना को, कोरोना गाइड लाइन की हो रही सरेआम अवहेलना

**भोपाल।** लॉकडाउन खुलने के साथ भोपाल स्टेशन पर भीड बढना शुरु हो गई है लेकिन ऐसा लग रहा है कि यात्री जानलेवा कोरोना वायरस को भूलने लगे है यही वजह है कि स्टेशनों पर कोरोना गाइड लाइन की सरेआम अवहेलना हो रही है। यात्री और वेंडर दोनों ही ना तो मास्क लगा रहें है और ना सोशल डिस्टेसिंग का पालन कर रहे है। रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सामान्य दिनों की तरह भीड़ बढ़ने लगी है। मुंबई और दिल्ली की तरफ से भोपाल आने वालीं ट्रेनों में यात्री मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं। भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार दोपहर दो बजे से लेकर शाम 4:30 बजे तक गुजरने वाली ट्रेनों में गिने-चुने यात्रियों को छोड़ ज्यादातर बिना मास्क के थे। प्लेटफार्म भी खचाखच भरे थे। भीड़ के कारण सुरक्षित शारीरिक दूरी की धज्जियां उड़ रही थीं। 1000 से 1500 यात्रियों के संपर्क में आने वाले भोपाल स्टेशन के 20 से ज्यादा वेंडर बिना मास्क और दस्ताने पहने लोगों को चाय, समोसा, आलू बड़ा, बड़ा पाव और खाना बेच रहे थे। दोपहर 2ः15 बजे मुंबई से होकर गोरखपुर जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर दो पर आकर खड़ी हुई। स्टेशन पर पहले से भीड़ थी ट्रेन आई तो दबाव और बढ़ गया। स्लीपर कोच में सामान्य दिनों की तरह यात्री बैठे हुए थे। गिने-चुने को छोड़कर किसी के मुंह पर मास्क नहीं था। बता दें कि मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण अभी भी बना हुआ है। अब तो खतरनाक डेल्टा प्लस वेरिएंट भी मिलने लगा है। दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन से मदुरै जाने वाली स्पेशल ट्रेन दोपहर 3:35 बजे भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। ट्रेन में जबरदस्त भीड़ थी। स्लीपर कोच में तो कई बच्चे सफर कर रहे थे, जिनके मुंह पर अभिभावकों ने मास्क नहीं लगाया था। वयस्क यात्री भी बिना मास्क लगाए घूम रहे थे। कोरोना नियंत्रण के नाम पर सब कुछ गजब हो रहा है। ट्रेनों में बिना मास्क के सफर करने वाले यात्रियों पर सख्ती नहीं है। प्लेटफार्म पर थोड़ा ध्यान दिया जा रहा है वही भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म छह व प्लेटफॉर्म एक के मुख्य प्रवेश द्वार पर कुछ महिला कर्मी बैग सैनिटाइजर के नाम पर हजारों यात्रियों से रोज 10 -10 रुपए वसूल रही है। यह घटना भी सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो रही है। जबकि बैग सैनिटाइज कराना स्वैच्छिक है। इस बारे में भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विजय प्रकाश का कहना है कि यात्रियों से बार-बार कह रहे हैं कि मास्क का उपयोग कीजिए। हाल ही में 600 यात्रियों से मास्क नहीं पहनने पर जुर्माना भी वसूला गया है। समझाइश के साथ कार्रवाई तेज करेंगे। रेस्टोरेंट, स्टॉल संचालक फूड प्लाजा वालों को कहा है कि वे वेंडरों से कोरोना गाइडलाइन का पालन अनिवार्य



## अघोषित लाइट कटौती के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजलीघर जाकर दिया ज्ञापन

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे

**गोरमी।** नगर एबम सर्कल में हो रही अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस के जिला सचिव हरिओम कटारे ने पार्टी के बरिष्ठ नेताओ के साथ जाकर बिजली घर पर डीई अंकुर गुप्ता के नाम ज्ञापन जे ई प्रमोद शर्मा को दिया और कहाँ की पिछले तीन दिन से नगर में अघोषित लाइट कटौती हो रही है जन जीवन अस्त व्यस्त है लोग पीने के पानी को तरस रहे है 24 घण्टे में केवल 4 घंटे लाइट मिल रही है अगर लाइट की व्यबस्था  में सुधार नही हुआ तो कांग्रेस बिजली घर पर धरना  देगी। इसके अलावा नगर में सुपरवाइजर की खाली पोस्ट अतिशीघ्र भरी जाये ।ज्ञापन देने वालो में जिला सचिव हरिओम कटारे कमल दिक्सित जिला उपाध्यक्ष जंडेल  सिंह भदौरिया कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द नरवरिया सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ धर्मेंद परासर अशोक सहिंग नरवरिया किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव भगवती थापक श्याम थोकदार आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## पहली बारिश में ही नगर निगम की पोल खुल गई

# बारिश से गड्ढों में डूबा भोपाल



**भोपाल।** अभी तो मानसून ने भोपाल में सिर्फ दस्तक ही दी है। पहली बारिश में ही नगर निगम की पोल खुल गई है। थोड़ा सा पानी पडने् से शहर की सड़कों की हालत खराब हो गई है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। शहर के तीन इमली चौराहे के समीप कई वर्षों से पहली बारिश में सड़कों के हालत बदतर हो गई है। सड़कों पर हो रहे गड्ढों से लोगों को परेशानी हो रही है। यहां पैदल चलना तक दूभर है। गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है। इस ओर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। शहर की सड़कों की हालत यह है कि नगर में हल्की सी भी बारिश हो जाती है, तो लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो जाता है।

### गड्ढ़ों वाली सड़कों पर चलना खतरनाक

राजधानी में थोड़ी सी बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर जाता है। इससे पता ही नहीं चलता है कि सड़क पर कहा गड्ढ़ा है। ऐसे में हादसा होने की संभावना रहती है। शहर में कोलार के नयापुरा व ललिता नगर,सर्व-धर्म कॉलोनी, नारियलखेड़ा हनुमान मंदिर, जुमेराती पोस्ट ऑफिस से हनुमानगंज, सैफिया कॉलेज के पास, ज्योति टॉकीज चौराहा, दानिश नबर, तुलसी नगर, सिंधी कॉलोनी चौराहा, अवधपुरी में वायु रॉयल एन्क्लेव एवं सौम्या ग्रीन सिटी, बावडिय़ाकलां, दामखेड़ा,जाटखेड़ी, शिवनगर करोंद, भोपाल टॉकीज, घोड़ा नक्कास की सड़कें हादसे को निमंत्रण दे रही हैं।

### खोद डाली सड़कें

राजधानी में 40 करोड़ रुपए से बने सुभाष नगर रेलवे ओवरब्रिज से ट्रैफिक शुरू नहीं हो सका है। इस कारण सर्विस लेन ही राहगीरों का सहारा है, लेकिन इसकी आधी सड़क गैस लाइन बिछाने के लिए खोद दी गई है। इस कारण करीब 500 मीटर लंबे हिस्से से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। मेट्रो की गर्डर लॉन्चिंग होने के कारण गवर्नमेंट प्रेस से सुभाष नगर रेलवे फाटक तक का ट्रैफिक का बोझ भी सर्विस लेन पर आ गया है। अब यहां से गुजरना मुश्किल भरा हो गया है। दरअसल, होशंगाबाद रोड, सुभाष नगर आदि क्षेत्रों में गैस लाइन का काम करने के लिए सड़क की खुदाई की गई है, लेकिन कई क्षेत्रों में सड़क को ठीक नहीं किया गया। सबसे खस्ताहाल होशंगाबाद रोड व सुभाष नगर क्षेत्र में है। सुभाष नगर रोड ओवरब्रिज की सर्विस लेन पर 5 फीट तक खुदाई की गई है। इससे सर्विस लेन की चौड़ाई और कम हो गई है। दूसरी ओर, इस लेन पर ट्रैफिक का लोड बना हुआ है। कार, बाइक समेत सिटी बसें भी चल रही हैं। गड्ढे और कीचड़ होने से बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

सुभाष नगर मार्केट से लेकर प्रभात चौराहे तक लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम चल रहा है। लाइन बिछाने के बाद जगह को समतल नहीं किया जा रहा है। इस कारण बारिश का पानी गड्ढों में भर गया है। कीचड़ भी हो गया है, जिससे गाड़ियां फिसल रही हैं। राहगीर चोटिल हो रहे हैं।

### कांग्रेस ने दमनकारी नीतियों से लोकतंत्र का गला घोटना चाहा,

# भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग की वजह से भाजपा शिखर तक पहुची : बृज किशोर भटेले

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**



गोहद भारतीय जनता पार्टी गोहद द्वारा बरथरा रोड नालन्दा स्कूल में आपातकाल को काला दिवस मनाते हुए कांग्रेस की निंदा की व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मण्डल अध्यक्ष बृजकिशोर भटेले का भाजपा कार्यकर्ताओं ने संम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मडल अध्यक्ष विवेक जैन, मंच संचालन महामंत्री आशीष शर्मा व आभार व्यक्त कार्यक्रम के प्रभारी मण्डल उपाध्यक्ष सन्तोष राठौर ने किया।विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व भाजपा के वरिष्ठ नेता बृज किशोर भटेले ने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि मेने सन्तोषी लाल बांदिल व बंगाली मल जैन के नेतृत्व में उन दिनों पार्टी का कार्य किया था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंधित कर दिया गया। प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबन्धित कर दिया गया क्योंकि माना गया कि यह संगठन विपक्षी नेताओं का करीबी है तथा इसका बड़ा संगठनात्मक आधार सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने की सम्भावना रखता था। पुलिस इस संगठन पर टूट पड़ी और उसके हजारों कार्यकर्ताओं को कैद कर दिया गया। आरएसएस ने प्रतिबंध को चुनौती दी और हजारों स्वयंसेवकों ने प्रतिबंध के खिलाफ और मौलिक अधिकारों के हनन के खिलाफ सत्याग्रह में भाग लिया। सभी विपक्षी दलों के नेताओं और सरकार के अन्य स्पष्ट आलोचकों के गिरफ्तार किये जाने और सलाखों के पीछे भेज दिये जाने के बाद पूरा भारत सदमे की स्थिति में था। आपातकाल की घोषणा के कुछ ही समय बाद, सिख नेतृत्व ने अमृतसर में बैठकों का आयोजन किया जहां उन्होंने ÷कांग्रेस की फासीवादी प्रवृत्ति÷ का विरोध करने का संकल्प किया। देश में पहले जनविरोध का आयोजन अकाली दल ने किया था जिसे ÷लोकतंत्र की रक्षा का अभियान÷ के रूप में जाना जाता है। इसे 9 जुलाई को अमृतसर में शुरू किया गया था। आपातकाल लागू करने के लगभग दो साल बाद विरोध की लहर तेज़ होती देख प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। चुनाव में आपातकाल लागू करने का फ़ैसला कांग्रेस के लिए घातक साबित हुआ। खुद इंदिरा गांधी अपने गढ़ रायबरेली से चुनाव हार गईं। जनता पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। संसद में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 350 से घट कर 153 पर सिमट गई और 30 वर्षों के बाद केंद्र में किसी ग़ैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश कुशवाह, अर्चना शर्मा, रामसिया जाटव, विद्यराम शेजवार, विनोद माहोर, सौरभ पांडेय, जुगल सोनी, ललित अग्रवाल, प्रमोद कामत, रामप्रसाद कुशवाह, सुमन गुप्ता, राम भटेले, विक्रम यादव, विनोद श्रीवास्तव, महावीर शर्मा, राधेश्याम गौड़, धर्मन्द्र गुर्जर, पिंकी सगर, दिनेश श्रीवास, धर्मन्द्र दुबे, रिंकू भटेले, राजेश नागर, राजेन्द्र गुप्ता, दशरथ घुरैया, नारायण प्रजापति, हरिओम भटेले उपस्थित रहे

# इटावा के जवान की श्रीनगर में ड्यूटी के दौरान मौत

**अंकित कुमार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



इटावा / ग्राम पंचायत बिरहीपुर निवासी श्री हरिनाथ सिंह राजपूत पुत्र स्व0 श्री दयाल राजपूत की तैनाती श्रीनगर में थी । शहीद श्री हरिनाथ सिंह दो साल बाद सेवानिवृत होने वाले थे । आज वे एक माह के अवकाश पर घर आने वाले थे लेकिन अचानक उनके शव के आने से परिवार में कोहराम सा छा गया । क्षेत्र में उनके निधन की खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गयी ।

शहीद हरिनाथ सिंह के सर से बचपन में ही पिता का साया उठ चुका था अभी 5 माह पहले ही उनके छोटे भाई का निधन हो गया था जो विदेश में इंजीनियर के पद पर तैनात थे । इन दोनों भाइयों का पालन पोषण और शिक्षा दीक्षा उनके के बड़े भाई ने की थी । आज दोनों भाइयों के इस तरह चले जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में डूबा हुआ है । शहीद हरिनाथ सिंह का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव बिरहीपुर में किया गया । उनकी बड़ी बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी ।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव अखिल भरतीय दोहरे समाज महासंघ के प्रदेश प्रभारी अनिल दोहरे,, ग्राम प्रधान अरुण राजपूत, प्रधान राम कृष्ण राजपूत, बृजमोहन राजपूत, सत्येंद्र दोहरे, अंकित दोहरे, महेश पाल, चंकी यादव, योगेंद्र यादव, डुल्ले राजपूत, सुशील यादव, धर्मेंद्र राजपूत, मुकेश राजपूत, अभय राजपूत, सौरभ दोहरे सहित हजारों लोगों ने शहीद श्री हरिनाथ सिंह राजपूत को अश्रुपूरित श्रंद्धाजलि दी ।

# जरुरतमंद असहाय को किया वस्त्र दान: विवेक मिश्रा गोलू

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**



**सतना ।** युवा समाजसेवी विवेक मिश्रा गोलू बहुत ही छोटी उम्र में अच्छे कार्यों के प्रति निस्वार्थ सहयोग करते आए हैं बता दे कि गोलू की महज उम्र 21 साल की ही है जो विद्यार्थी जीवन के साथ समाजसेवा देश प्रेम के प्रति बहुत प्रेम रखते हैं एवं हमेशा मदद के लिए तत्पर रहते हैं गोलू ने जरूरतमंदों को वस्त्र दान कर हर्ष जताया है एव आशिर्वाद लेते हुए और समाज के सभी युवाओं एव लोगों को प्रेरित करने वाले युवा समाजसेवी विवेक मिश्रा कहते हैं कि नर सेवा नारायण सेवा आप युवा भी लोगों की मदद करें सहायता करें जिससे समाज देश में अच्छा दिन आ सके आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा संस्कार और सीख मिल सके ड्डगोलू ने आग्रह किया कि आप सब के घर पर बहुत से ऐसी जीवन यापन की वस्तुएं और सामग्रियां होती हैं वस्त्र अन्न जिन्हें आप उपयोग में नहीं लाते हैं उनको ऐसे लोगों तक जरूर पहुंचाएं जो उसका जीवन यापन के लिए उपयोग सही ढंग से किया जा सके एवं शादी पार्टी आपके घरों विभिन्न जगहों पर जो भोजन अन्न कपड़े जूते चप्पल बचते हैं या आपके पहनावे से ज्यादा हो तो आप शहर के विभिन्न हिस्सों में बैठे असहाय की मदद करें एवं लोगों को प्रेरित करें जरुरतमंदों की सहायता करे।

# परेड में ड्रिल एवं शारीरिक दक्षता के उपरांत एसएसपी ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं

### आगामी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख के चुनावों के दृष्टिगत पुलिस कर्मी रहे चुस्त दुरुस्त

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**



**एटा।** शुक्रबार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये, साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा परेड के दौरान आधुनिक वेपन्स हथियारों के संचालन अथवा रखरखाव के बारे में भी जानकारी दी गयी। आगामी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख के चुनावों के दृष्टिगत परेड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को जनपद में प्रयोग में लाये जा रहे आधुनिक वेपन्स हथियारों के संचालन अथवा रखरखाव के बारे में जानकारी दी गयी।

परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, भोजनालय, बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके साथ ही एसएसपी द्वारा पुलिस कार्यालय पहुंच कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड(ब्यूरो)।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जेके जैन के अलावा कृषि, पशु चिकित्सा सेवाऐं, उद्यानिकी, मार्कफेड, मतस्य बीज निगम एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारीगण ऐसा प्रयास करें कि कृषि उत्पादन एवं किसानों से जुडी हितकारी योजनाओं का लाभ हर संभव किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने कृषि हेतु किसानों को दिए जाने वाले उपकरणों एवं ऋण व अनुदान के संबंध में संबंधित अधिकारियों से कहा कि इसमें विलम्ब नहीं हो जिससे किसानों को समय पर उसका लाभ मिल सके।

बैठक में एलडीएम से कहा कि किसानों संबंधी जो भी ऋण के प्रकरण बैंकों को भेजे जाते हैं, उन्हें अतिशीघ्र स्वीकृत कराना सुनिश्चित किया जावे, जिस पर एलडीएम ने आश्वस्त किया कि प्रकरणों को बैंकों से स्वीकृत करा दिए जाएंगे। इसीप्रकार उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं, उद्यानिकी विभाग, मतस्य, बीज विकास निगम विभाग के अधिकारियों से कहा कि आपके यहां किसानों संबंधी जो भी ऋण प्रकरण बनाए जायें उन्हें प्राथमिकता के तौर पर बैंकों को भिजवाते हुए उनको स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जावे और उन्होंने कहा कि विभाग के अन्तर्गत जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उनको प्रदर्शित करें ताकि योजनाओं के संबंध में किसानों को भी मालूम हो सके। साथ ही बैंकों और सभी विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने विभागांतर्गत कार्य योजनाऐं तैयार करने के निर्देश दिए।

# क्रेजी इन्नोवटिव वोमेन्स ग्रुप द्वारा किया गया पौधरोपण



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**भोपाल(पुष्पांजली टुडे)।** जिला प्रशासन की पहल पर अनेक संस्थाएं वृक्षारोपण कर अपने अपने स्तर से शहर की आबो-हवा को सुधारने का महत्वपूर्ण कार्य रही हैं । भोपाल में क्रेजी इन्नोवटिव वोमेन्स ग्रुप ने पहल करते हुए भोपाल के अर्बन रिहायशी क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया हुआ है । ग्रुप ने पौधे रोपने के साथ साथ पौधों को गोद लेकर बॉडीगार्ड ट्री गार्ड के साथ पौधे लगाए । क्रेजी इन्नोवटिव वोमेन्स ग्रुप की श्रीमती अनामिका कुमार ने बताया कि ग्रुप द्वारा शहर के रिहायशी इलाकों को, जनसंख्या बहुल क्षेत्रों, मार्किट एरिया में वृक्षा रोपण किया गया है । ग्रुप के सदस्यों द्वारा बताया गया कि पौध रोपण कर हम शहर की फिजा का ऑक्सिजन लेवल बढ़ाकर प्रदूषण कम करना चाहते हैं । उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की है कि हर घर एक पौधा अवश्य रौपे तो शहर का वातावरण निश्चित ही प्रदूषण मुक्त होगा ।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि हमें डीआईजी भोपाल इरशाद वली का साथ औऱ संरक्षण मिल रहा है जिससे कि हम बाजार और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में वृक्षों की निगरानी और निरीक्षण कर पा रहे है । पौधा लगाने के साथ ज्यादा जरूरी है पौधे को पनपने के लिए बचाना ।

श्रीमती भावना चौहान, एस ई, विद्युत बोर्ड एवं उनके परिवार द्वारा बड़े स्टेशन के सामने, अपनी लग्न मेहनत से ये प्लान किया गया और पुराने भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में भी पौधरोपण किया गया है । इस अभियान में सुश्री प्राची पांडे, सुश्री कृष्णा शर्मा, सुश्री नीलम ऋतु, श्रीमती नीति सक्सेना आदि सक्रिय भागीदारी कर रही हैं ।

# विधालय क्रमोन्नति पर जताया आभार




नेनाराम सिरवी पाली सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के खिन्दारा गाँव और मादडी में उच्च प्राथमिक विधालय को माध्यमिक विधालय में क्रमोन्नत करने पर क्षेत्र कि जनता ने विधायक जोराराम कुमावत का आभार जताया । गौरतलब है कि खिन्दारा गाँव और मादडी की विगत कई वर्षो से उच्च प्राथमिक विधालय को माध्यमिक में क्रमोन्नत करने कि मांग थी जिसको लेकर विधायक कुमावत द्वारा विधानसभा में भी इस मांग को रखा गया जिस पर सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र के इन दोनों गाँव के विधालय को क्रमोन्नत किया गया । जिससे क्षेत्र के लोगो में खुशी का माहोल नजर आया । विधालय क्रमोन्नत होने से इन गाँवों के छात्रों को दूर दराज अध्ययन हेतु नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर पढाई कि अच्छी सुविधा मिल सकेगी । क्रमोन्नति पर गाँव के सरपंच कैलाश कँवर भेरूसिंह राजपुरोहित, चौथी देवी नरेन्द्र देवासी, शेरसिंह राठोड, भंवरसिंह राठोड, मंडल अध्यक्ष नागेश देवासी, गणेश पटेल,दिनेशसिंह राजपुरोहित, बाबूलाल देवासी, शैतानसिंह, विरेन्द्रसिंह मादडी, उपसरपंच जितेन्द्रसिंह आदि कार्यकर्ताओ ने विधायक कुमावत का आभार जताया ।

# आपातकाल लगाना भारतीय इतिहास में काला धब्बाः भदौरिया

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे**



**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी दुआरा आपातकाल की 45 बी बरसी पर काला दिवस मनाया एबम मीसा बंदियों का सम्मान किया गया।वार्ड नं 13 में जयवीर पुरोहित के आवास पर आयोजित कार्यकर्म में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एबम मीसा बंदी श्री केशव सिंह भदौरिया मौजूद थे बिसेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह परमार श्रीकृष्ण कटारे अरविंद वर्मा मौजूद थे कार्यकर्म की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की ।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एबम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण कर उनको नमन किया।इस अबसर पर मुख्य अतिथि श्री केशव सिंह भदौरिया ने कहा कि आज से लगभग 45 बरस पूर्व एक तानाशाह महिला पीएम इंद्रा गांधी ने लोकतांत्रिक देश भारत मे आपात काल लगाकर सभी विपक्षी नेताओं पत्रकारो समाजसेवीयो को रातों रातों घरों से उठाकर जेलों में डाल दिया था। लोकतांत्रिक देश भारत मे उस समय इंद्रा गांधी ने मुगलो ओर अग्रेजो के अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया था।हमे खुसी है कि आज हम उस दिन को काला दिवस के रूप में मना रहे है और हमारे जो बरिष्ठ नेता उस समय जेलों में रहकर यातना सहन कर रहे थे ऐसे मीसाबंदियों का आज हम सम्मान कर रहे है कार्यक्रम के बिसेष अतिथि जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा ने कहा कि उस समय जो कांग्रेस का एबम देश का नेतृत्व कर रहे थे बो सभी लोग सत्ता के नशे में चूर हो गये थे।25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक यानी 21 माह तक पूरा देश एक महिला की अहंकार ओर जिद की भेंट चढ़ गया ।यहाँतक की मीडिया को भी बेन कर दिया गया या जेल में डाल दिया गया ।तमाम राष्ट्रभक्त नागरिकों को भी जेल में बंद कर दिया था। 21 माह तक देश मे खामोसी ओर शमसान जैसा माहौल था उस समय भारत मे जयप्रकाश जेपी जैसा बुजुर्ग नेता आया जिसने युवाओं छात्रो को जाग्रत कर देश मे इस तानाशाह सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन छेड़ा। कार्यक्रम के समापन पर मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने मीसाबंदी केशव सिंह भदौरिया का शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन निर्मल आर्य एबम अंत मे आभार प्रगट जयवीर पुरोहित ने किया बैठक में मुख्य रूप से बरिष्ठ नेता दलवीरसिंह तोमर जगदीश सोनी मुकेश यादव ऋषिकेश शर्मा शिवराज यादव दिवाकर शर्मा निर्मल आर्य मोनू शर्मा रज्जन भदोरिया सोनू भदौरिया किसन सिंह सिकरवार सुरेश सोनी सुनील सोनी अरविंद जैन राहुल कटारे डॉ वेदप्रकास शर्मा राजेश माथुर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस ने दमनकारी नीतियों से लोकतंत्र का गला घोटना चाहा : भाजपा
# कार्यकर्ताओं के त्याग की वजह से भाजपा शिखर तक पहुची : बृज किशोर भटेले

गोहद। भारतीय जनता पार्टी गोहद द्वारा बरथरा रोड नालन्दा स्कूल में आपातकाल को काला दिवस मनाते हुए कांग्रेस की निंदा की व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मण्डल अध्यक्ष बृजकिशोर भटेले का भाजपा कार्यकर्ताओं ने संम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मडल अध्यक्ष विवेक जैन, मंच संचालन महामंत्री आशीष शर्मा व आभार व्यक्त कार्यक्रम के प्रभारी मण्डल उपाध्यक्ष सन्तोष राठौर ने किया।विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व भाजपा के वरिष्ठ नेता बृज किशोर भटेले ने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि मेने सन्तोषी लाल बांदिल व बंगाली मल जैन के नेतृत्व में उन दिनों पार्टी का कार्य किया था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंधित कर दिया गया। प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबन्धित कर दिया गया क्योंकि माना गया कि यह संगठन विपक्षी नेताओं का करीबी है तथा इसका बड़ा संगठनात्मक आधार सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने की सम्भावना रखता था। पुलिस इस संगठन पर टूट पड़ी और उसके हजारों कार्यकर्ताओं को कैद कर दिया गया। आरएसएस ने प्रतिबंध को चुनौती दी और हजारों स्वयंसेवकों ने प्रतिबंध के खिलाफ और मौलिक अधिकारों के हनन के खिलाफ सत्याग्रह में भाग लिया। सभी विपक्षी दलों के नेताओं और सरकार के अन्य स्पष्ट आलोचकों के गिरफ्तार किये जाने और सलाखों के पीछे भेज दिये जाने के बाद पूरा भारत सदमे की स्थिति में था। आपातकाल की घोषणा के कुछ ही समय बाद, सिख नेतृत्व ने अमृतसर में बैठकों का आयोजन



किया जहां उन्होंने कांग्रेस की फासीवादी प्रवृत्ति का विरोध करने का संकल्प किया। देश में पहले जनविरोध का आयोजन अकाली दल ने किया था जिसे ÷लोकतंत्र की रक्षा का अभियान के रूप में जाना जाता है। इसे 9 जुलाई को अमृतसर में शुरू किया गया था।

आपातकाल लागू करने के लगभग दो साल बाद विरोध की लहर तेज़ होती देख प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। चुनाव में आपातकाल लागू करने का फ़ैसला कांग्रेस के लिए घातक साबित हुआ। खुद इंदिरा गांधी अपने गढ़ रायबरेली से चुनाव हार गईं। जनता पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। संसद में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 350 से घट कर 153 पर सिमट गई और 30 वर्षों के बाद केंद्र में किसी ग़ैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश कुशवाह, अर्चना शर्मा, रामसिया जाटव, विद्यराम शेजवार, विनोद माहोर, सौरभ पांडेय, जुगल सोनी, ललित अग्रवाल, प्रमोद कामत, रामप्रसाद कुशवाह, सुमन गुप्ता, राम भटेले, विक्रम यादव, विनोद श्रीवास्तव, महावीर शर्मा, राधेश्याम गौड़, धर्मन्द्र गुर्जर, पिंकी सगर, दिनेश श्रीवास, धर्मन्द्र दुबे, रिंकू भटेले, राजेश नागर, राजेन्द्र गुप्ता, दशरथ घुरैया, नारायण प्रजापति, हरिओम भटेले उपस्थित रहे।

# परिजनों ने लगाया आरोप दो इंजेक्शन एक साथ लगाने से हुई बच्चे की मौत

### शव लेकर थाने पहुंचे परिजन, पुलिस ने डॉक्टर पर दर्ज की एफआईआर



भिण्ड। जिले के गोहद कस्बे के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान एक दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। बालक की मौत पर परिजनों ने आरोप लगाए कि एक साथ दो इंजेक्शन लगाने से बालक की मौत हुई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए जांच शुरू कर दी। दो महीने पहले इसी अस्पताल में इसी बच्चे की मां की डिलीवरी हुई थी। नवजात की मौत कुछ देर बाद हो गई। उस समय परिजनों ने भी लापरवाही का आरोप लगाया था। सरकारी अस्पताल में लगातर बच्चों के इलाज में लापरवाही बरती जा रह है, फिर भी ऐसे डॉक्टरो पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुलिस के अनुसार बाजार गोहद निवासी ध्यांसू पुत्र सोनू प्रजापति उम्र 2 वर्ष पिछले पंद्रह दिन से बीमार चल रहा था। डॉक्टर ने पीलिया से पीडित होना बताया था। बालक की गुरुवार की शाम करीब पांच बजे तबीयत बिगडी। ध्यांसू के दादा अंतर सिंह और उसके ताऊ बंटी प्रजापति उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। बालक के ताऊ बंटी प्रजापति के मुताबिक यहां बाल रोग विशेषज्ञ नहीं मिले। इसलिए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ वीरेंद्र सिंह के निवास पर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने बच्चे को देखा और भर्ती किए जाने के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। यहां डॉक्टर के मुताबिक ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने बालक को पहले ड्रिप लगाई। इसके साथ ही दो इंजेक्शन को केनुला के माध्यम से लगाए। इंजेक्शन लगते ही बालक की मौत हो गई। इसके बाद डॉक्टर को सूचना दी गई।

### परिजनों ने चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ पर लगाया लापरवाही का आरोप

बालक की मौत पर परिजनों ने चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनए बालक का शव लेकर सीधे गोहद थाना पहुंचे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। 15 दिन से ध्यांसू बीमार चल रहा था और उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे थे लेकिन बच्ची का उचित इलाज न होने के चलते लापवाही के कारण उसकी मौत हो गई यह आरोप परिजनों ने स्टाफ पर लगाया है।

### दो महीने में दो बालक खो

फरियादी अंतर सिंह के पुत्र बंटी का कहना है कि इस अस्पताल में दो महीने में दो बालक को मैंने खोए है। पीडित का आरोप है कि 24 अप्रैल को ध्यांसू की मां की डिलीवरी हुई थी। एक बालक को जन्म दिया था उस दिन भी स्टाफकी लापरवाही से नवजात बालक की मौत हुई थी। ध्यांसू की मौत भी 24 जून को हुई है। हमारे परिवार ने गोहद के सरकारी अस्पताल के स्टाफकी लापरवाही से दो बालकों को खोया है।

# पर्यटन की संभावनाओं को देखने म.प्र.टूरिज्म का दल भिण्ड आया



भिण्ड। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड भोपाल से एसके श्रीवास्तव दल के साथ भिण्ड जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखने हेतु भिण्ड आए। उक्त दल कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस से मुलाकात कर जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखने के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, पुरातत्व विभाग के उप संचालक श्री पाण्डेय, डीएसपी मुख्यालय मोतीलाल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड भोपाल से एसके श्रीवास्तव दल के द्वारा डीएसपी मुख्यालय मोतीलाल कुशवाह के साथ पुलिस विभाग द्वारा बनाए जा रहे संग्रहालय का अवलोकन किया तथा भिण्ड से अटेर क्षेत्र के बीहडों का एवं चंबल नदी, अटेर किलो का भ्रमण कर देखा एवं पुरातत्व उप संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## महिला एवं बाल विकास में चोरों ने दीवार तोडकर लगाई सेंध

भिण्ड। मेहगांव थाना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना दफ्तर में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर, यहां घटना को अंजाम देने के लिए रात के समय आए। उन्होंने दीवार को तोडी और ऑफिस में रखा कुपोषित गरीब बच्चों के लड्डू और गर्भवती महिलाओं का राशन ले गए। जब इस बात की जानकारी विभाग के अफसरों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर लिया। महिला एवं बाल विकास मेहगांव में परियोजना अधिकारी दीपा शर्मा के मुताबिक बीते 23 जून की शाम को दफ्तर को बंद करके सभी कर्मचारी अपने घर चले गए। रात के समय चोर आए और उन्होंने दीवार को तोड दी। चोर, ऑफिस के गोदाम में अंदर घुसे। यहां गरीब कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बांटे जाने वाले आटा-बेसन के लड्डू करीब 15केजी 15 बैग, 15केजी खिचडी के तीन बैग के भरे, 15केजी सोया बरफी के चार बैग, इस तरह कुल 22 बैग चोरी हुए है।

# डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जेके जैन के अलावा कृषि, पशु चिकित्सा सेवाऐं, उद्यानिकी, मार्कफेड, मतस्य बीज निगम एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारीगण ऐसा प्रयास करे कि कृषि उत्पादन एवं किसानों से जुडी हितकारी योजनाओं का लाभ हर संभव किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने कृषि हेतु किसानों को दिए जाने वाले उपकरणों एवं ऋण व अनुदान के संबंध में संबंधित अधिकारियों से कहा कि इसमें विलम्ब नहीं हो जिससे किसानों को समय पर उसका लाभ मिल सके।

बैठक में एलडीएम से कहा कि किसानों संबंधी जो भी ऋण के प्रकरण बैंकों को भेजे जाते हैं, उन्हें अतिशीघ्र स्वीकृत कराना सुनिश्चित किया जावे, जिस पर एलडीएम ने आश्वस्त किया कि प्रकरणों को बैंकों से स्वीकृत करा दिए जाएंगे। इसीप्रकार उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं, उद्यानिकी विभाग, मतस्य, बीज विकास निगम विभाग के अधिकारियों से कहा कि आपके यहां किसानों संबंधी जो भी ऋण प्रकरण बनाए जायें उन्हें प्राथमिकता के तौर पर बैंकों को भिजवाते हुए उनको स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जावे और उन्होंने कहा कि विभाग के अन्तर्गत जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उनको प्रदर्शित करें ताकि योजनाओं के संबंध में किसानों को भी मालूम हो सके। साथ ही बैंकों और सभी विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने विभागन्तर्गत कार्य योजनाऐं तैयार करने के निर्देश दिए।

## स्कॉर्पियों ने बुलट में मारी टक्कर महिला की मौत

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के गिरगांव खेरिया रोड ग्राम कैथोदा मोड के पास एक युवक बुलट से अपनी पत्नी के साथ जा रहा था, इसी दौरान तेज व लापरवाही से चलाते हुए बुलट में टक्कर मार दी और दंपति घायल हो गये, महिला के अधिक चोट होने के चलते उपचार के लिए ग्वालियर रैफर किया गया तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार जयपालसिंह पुत्र रामप्रकाश गुर्जर निवासी गितौर ने बताया उसका भतीजे की पत्नी गीता पत्नी अतरसिंह उम्र 42 वर्ष को लेकर गुरुवार शाम 5.30 बजे क्षेत्र के गिरगांव खेरिया रोड ग्राम कैथोदा मोड के पास बाइक लेकर जा रहे थे, इसी दौरान स्कॉर्पियों के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई और अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया।

# अघोषित लाइट कटौती के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजलीघर जाकर दिया ज्ञापन



गोरमी। गोरमी नगर एवं सर्कल में हो रही अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस के जिला सचिव हरिओम कटारे ने पार्टी के बरिष्ठ नेताओ के साथ जाकर बिजली घर पर डीई अंकुर गुप्ता के नाम ज्ञापन जे ई प्रमोद शर्मा को दिया और कहाँ की पिछले तीन दिन से नगर में अघोषित लाइट कटौती हो रही है जन जीवन अस्त व्यस्त है लोग पीने के पानी को तरस रहे है 24 घण्टे में केवल 4 घंटे लाइट मिल रही है अगर लाइट की व्यबस्था में सुधार नही हुआ तो कांग्रेस बिजली घर पर धरना देगी। इसके अलावा नगर में सुपरवाइजर की खाली पोस्ट अतिशीघ्र भरी जाये। ज्ञापन देने वालो में जिला सचिव हरिओम कटारे, कमल दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष जंडेल सिंह भदौरिया, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द नरवरिया, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ धर्मेंद पाराशर, अशोक सिंह नरवरिया, किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव भगवती थापक, श्याम थोकदार आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव एवं प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा का उद्बोधन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुना

### भाजपा जिला इकाई ने नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्यों का पुष्प हार पहनाकर किया सम्मान



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश राजधानी भोपाल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिषद प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुईए जिसमें भिण्ड जिले के प्रदेश पदाधिकारी एवं नवनियुक्त कार्यसमिति सदस्यों ने वर्चुअल के माध्यम से भाग लिया। भाजपा जिला इकाई ने भिण्ड शहर के विद्यावती विद्यालय परिसर में आयोजित वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए स्क्रीन लगाकर सीधा लाइव प्रसारण सुना। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डाए प्रदेश प्रभारी मुरलीधर रावए प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का वर्चुअल के माध्यम से उद्बोधन सुना। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न होने से पूर्व नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों का कार्यक्रम स्थल पर पुष्पमाला एवं भाजपा का गमझा वस्त्र पहनाकर रोरी से तिलक कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी अगुवानी करते हुए सम्मान किया।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की भोपाल प्रदेश कार्यालय में चल रही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भिण्ड में शामिल हुए। बर्चुअल के माध्यम से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया, पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदोरिया, अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह राणा, संजीव कांकर, रोमेश महंत, अमरीश शर्मा, अशोक चौधरी, रमेश दुबे, देवेंद्र सिंह नरवरिया, श्रीमती कृष्णकांता तोमर प्रमुख हैं।

# स्मार्ट रोड परियोजना के क्रियांवयन के लिये अन्य विभागो के साथ आपसी समन्वय और समयसारणी तैयार कर करें निर्माण कार्य: कलेक्टर

**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी के तहत बनाई जा रही स्मार्ट रोड परियोजना का कार्य गुणवत्ता के साथ समय सारणी बनाकर करे यह निर्देश आज शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह नें स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत राजपायगा रोड पर बनाई जाने वाली स्मार्ट रोड के निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्माण एजेन्सी एवं अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह और कार्यो से संबंधित ऐजेसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी के तहत ग्वालियर शहर में 15.62 किलोमीटर की स्मार्ट रोड परियोजना क्रियांवित की जा रही है, इस परियोजना के तहत अत्याधुनिक स्मार्ट रोड के साथ साथ महाराज बाडा क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग सहित कई कार्य किये जाने प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह नें इस परियोजना के तहत बनने वाली राजपायगा रोड का आज मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह नें इस रोड को स्मार्ट रोड में तब्दील



करने का पूरा लेआउट डिजायन इत्यादी की जानकारी को विस्तृत रुप से कलेक्ट्रर श्री सिंह के साथ साझा किया। श्रीमती जयति सिंह ने बताया कि रोड के चौड़ीकरण के लिये हॉस्पिटल की बाउंड्री वॉल को पीछे किया जाना जरुरी है जिस पर कलेक्ट्रर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्देशित किया कि हॉस्पिटल प्रशासन व अन्य विभागो के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर इस कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसारणी अनुसार पूरा किया जाये। श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट रोड के कार्य के दौरान सुरक्षा उपाय सहित अन्य जरुरी गाइडलाइन का भी पालन करवाया जाये ताकि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नही करना पडे। उन्होंने सम्बंधित एजेंसी के अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रस्तावित योजना के अनुरूप सर्वे व ड्रॉइंग तैयार साझा करने के लिए कहा ।

**कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल मुरार का निरीक्षण:** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिला अस्पताल मुरार का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने मुरार अस्पताल में स्थापित किये जा रहे ऑक्सीजन प्लांट के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## वाहन चोर गिरोह दबोचा चोरी की 20 बाइक बरामद

**ग्वालियर।** देहात की आरोन थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाला एक तीन सदस्यीय गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने वाहन चोरों की इस गैंग से अब तक चोरी की 20 बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने बताया कि दो दिन पूर्व आरोन गांव से एक बाइक चोरी हुई थी। बाइक चोरी के मामले में की गई पड़ताल मे पुलिस के सामने संदेही के रूप में शेखरा गांव के एक युवक का नाम सामने आया।

# हरिहर नगर में साढ़े 6 घंटे तक मंत्री की खटिया पड़ी रही, तभी उठे जब 3 खंभे लगे, 200 मीटर तार खिंचे

**ग्वालियर।** बिजली संकट को लेकर हरिहर नगर के लोग बुधवार रात 12 बजे ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के घर पहुंचे तो गुरुवार को तड़के 4 बजे वे ट्रेन से उतरते ही मौके पर जा पहुंचे। मंत्री भोपाल से लौटे थे। उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों को तलब कर कहा- आप लोग मेरे सामने यहां की बिजली शुरू करो। इसके लिए उन्होंने अपने फंड से 9 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। बिजली कर्मचारियों ने काम करना शुरू किया तो मंत्री मौके पर ही खटिया बिछाकर लेट गए। साढ़े छह घंटे के बाद वे तभी वहां से उठे, जब कॉलोनी में तीन खंभे लगाने और 200 मीटर लाइन डालने के साथ बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई।





केआरएच में बच्चों के आईसीयू (पीआईसीयू) के ढाई महीने से खराब पड़े एसी ठीक कराने के लिए ग्वालियर दक्षिण के विधायक प्रवीण पाठक गुरुवार दोपहर 3:55 से रात 12 बजे तक वहीं बैठे रहे। उन्होंने अपने खर्च पर 4 एसी ठीक कराए। तीन के पार्ट खराब होने से ठीक नहीं हो सके। सरकारी अमले के काम न कराने से नाराज विधायक खुद मैकेनिक लेकर पहुंचे थे। इससे पहले वे सुबह 11.35 बजे केआरएच पहुंचे थे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी इंजीनियर से एसी ठीक न होने पर सवाल किया तो उन्होंने दूसरे पर टाल दिया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरकेएस धाकड़ ने कहा विद्युत यांत्रिकी वाले हमारी नहीं सुनते। देर रात ईई को नोटिस जारी किया गया है। विधायक ने पीडब्ल्यूडी और चिकित्सा शिक्षा मंत्री को मामले की शिकायत की।

## शादी का झांसा देकर विवाहिता का दैहिक शोषण. अब शादी से मुकरा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक BSF पर उसकी ही विवाहित प्रेमिका ने शादी का झांसा देकर लिव इन रिलेशन में रखने और शारीरिक शोषण कर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। घटना 24 अप्रैल से अभी तक के बीच सिंधिया नगर विश्वविद्यालय क्षेत्र की है। अब जवान शादी से मुकर गया है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाने में पहुंचकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्वालियर के सिंधिया नगर में रहने वाली 26 वर्षीय महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत की है।




# सागरताल में छलांग लगाने पहुंचे युवक को पुलिस ने बचाया



**ग्वालियर।** शादी न होने और भाभियों का इस पर बार-बार कमेंट्स करने से नाराज देवर ने जान देने का मन बना लिया। वह मौत की छलांग लगाने सागरताल पहुंच गया। पर किस्मत से उस समय वहां से पुलिसकर्मी गुजर रहे थे। उसे मुढ़ैल पर चढ़ते देखा तो तत्काल वहां पहुंचकर जान बचाई। पुलिस ने युवक को थाने ले जाकर काउंसिलिंग की। साथ ही उसकी भाभियों समेत अन्य परिजन को थाना बुलाकर समझाइश दी। पुलिस जवानों की सतर्कता से एक युवक की जान बच गई।

बहोड़ापुर थाना में पदस्थ ASI फिरोज खान, आरक्षक रामबाबू केवट, रामोतार धाकड़, मातादीन धाकड़ और सैनिक पप्पू यादव इलाके में गश्त कर रहे थे। गुरुवार को उनको एक युवक शहर के सबसे चर्चित सुसाइड पॉइंट सागरताल की रेलिंग पर चढ़ता दिखाई दिया। पहले पुलिस जवानों ने उसे संदेही चोर समझकर पकड़ने दौड़ लगा दी। पर जब उसे पकड़कर पूछताछ की तो पता लगा कि वह तो सुसाइड करने जा रहा था। युवक की पहचान संत कृपालसिंह आश्रम के पास कैलाश नगर में रहने वाले 32 वर्षीय युवक के रूप में हुई है। उसकी मानसिक हालत देखने के बाद पुलिस उसे लेकर थाने पहुंची और परिजन को वहां बुलवा लिया।

### शादी नहीं होने से दुखी था युवक

पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह पांच भाई हैं और उसे छोड़कर उसके सभी भाइयों की शादी हो चुकी है, अब उसकी भाभियां तथा अन्य उसे शादी ना होने पर ताने देते हैं। इससे तंग आकर ही वह जान देने जा रहा था। इसका पता चलते ही थाना प्रभारी अमर सिंह सिकरवार तथा अन्य पुलिस अफसरों ने उसकी काउंसलिंग की और उसके परिजनों को भी बुला लिया है। सभी को समझाइश भी दी है।

### शादी के लिए करेंगे प्रयास

परिजनों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उसकी शादी की बातचीत करेंगे और उसकी शादी कराएंगे। इसके बाद युवक ने भी आश्वासन दिया कि वह भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करेंगा। युवक की उम्र ज्यादा होने से कोई लड़की नहीं मिल रही है।

## चोरी की 04 मोटर साइकिलों सहित वाहन चोर गिरफ्तार

**ग्वालियर।** जिले की थाना डबरा सिटी पुलिस ने चोरी की 04 मोटर साइकिलों सहित एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे द्वारा ग्वालियर जिले मे वाहन चोरों व लुटेरों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ग्रामीण जयराज कुबेर एवं एसडीओपी डबरा विवेक कुमार शर्मा द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियां को थाना बल की टीम बनाकर वाहन चोरों व लुटेरों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया।

# पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा

हरिओम चतुर्वेदी जी को शिवपुरी ज़िला ब्यूरो चीफ बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



खबरे एवं विज्ञापन के लिए आप हमें संपर्क करें
संपर्क – 9009279100

# कैट ने कोरोना दिवंगत व्यापारियों के लिए श्रद्धांजलि सभा की आयोजित



**ग्वालियर।** कानफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स -कैट द्वारा कोरोना महामारी में असमय दिवंगत हुए व्यापारी परिवार के सदस्यों को श्रद्धांजलि देने हेतु जीवाईएमसी क्लब में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, जिला संयोजक दीपक पमनानी,जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष विवेक जैन, गोपाल चौरसिया,महामंत्री मुकेश जैन, संयुक्त सचिव मयूर गर्ग, उदित चतुर्वेदी ,सोना चांदी व्यापार संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, चैंबर ऑफ कामर्स के कोषाध्यक्ष बसंत अग्रवाल, नयाबाजार एसोसिएशन के सचिव विजय जाजू, कृष्ण बिहारी गोयल एवम अन्य व्यापारी गण तथा दिवंगत व्यापारी परिवारों के सदस्यगण व्यक्तिगत रूप से एवम कैट तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनों के कई पदाधिकारी तथा दिवंगत व्यापारी परिवारों के सदस्यों ने आनलाइन जुड़कर श्रद्धांजलि अर्पित की. कैट द्वारा जूम पर सभी पीड़ित परिवारों को ऑनलाइन आमंत्रित किया गया था. सभी आगंतुकों ने दिवंगत आत्माओं को पुष्प माला चढ़ाकर उनकी याद में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा. इस सभा केलिए विशेष तौर पर बनाए गए वीडियो में अधिकांश दिवंगत व्यापारी सदस्यों के चित्रों का संकलन भी किया गया था।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478